
www.tamsasanket.com
वर्ष: 30 || अंक 40 || अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
01 मई 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदय: 05:29
सूर्यास्त: 06:38
अधिकतम: 33°00
न्यूनतम: 24°00



पेज 07 >>

विशेष समाचार | मजदूर दिवस की कहानी... >> पेज 04 | दुल्हन का सिर कुचला... >> पेज 06 | 2027 में होगा कार्तिक ...

# विधानसभा का 'नारी शक्ति' सत्र

## राग़िनी सोनकर बोलीं ये नारी को नारा बना रहे | सीएम योगी ने कहा- सपा गिरगिट जैसे रंग बदलती है | राजभर से भिड़े सपा विधायक

**बहस**

> सीएम योगी ने कहा कि हम मजहबी आरक्षण के विरोधी रहे हैं और आगे भी रहेंगे।

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । यूपी में गुरुवार को विधानमंडल का साढ़े 6 घंटे का विशेष सत्र हुआ। इसमें लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल गिरने को लेकर सीएम योगी ने विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश किया।

योगी ने कहा कांग्रेस के पतन का कारण एक मुस्लिम महिला थी। शाहबानो को लेकर मौलवियों के सामने घुटने टेककर नाक रगड़ने की प्रवृत्ति थी। कांग्रेस ये पाप नहीं करती, मौलवियों के दबाव में न आकर शाहबानो को न्याय दिया होता तो ये दुर्गति नहीं होती।

चर्चा के दौरान सपा विधायक अतुल प्रधान और कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर में तीखी बहस हुई। ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि हम बोल रहे हैं, तो आपको पिरात (दर्द हो रहा) है।

>> (शेष पेज 06 पर)





विधानसभा में सपा विधायकों ने प्रदर्शन किया। महिला आरक्षण लागू करने की मांग की।

### केशव प्रसाद ने निंदा प्रस्ताव पेश किया

केशव ने कहा कि गाजीपुर में विश्वकर्मा समाज की बेटी के साथ जो घटना हुई, उसमें कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को 302 का मुकदमा कायम करके जेल भेजा गया है। जब ये सरकार में थे, तब इन्हें इनकी याद नहीं आई। ये चुनाव के लिए ऐसा कर रहे हैं, लेकिन इसकी इन्हें सजा मिलेगी। महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण होना चाहिए। अभी हम 33 प्रतिशत लेकर आए। >> (शेष 06 पर)

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हकीकत यह है कि सपा के लोगों ने ही फूलन देवी को डाकू बनाया था।
- कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि मोती लाल नेहरू की वजह से
- महिलाओं को वोट देने के अधिकार मिला।
- विधानसभा में सपा विधायकों ने प्रदर्शन किया। महिला आरक्षण लागू करने की मांग की।



सपा विधायक रागिनी सोनकर ने कविता पढ़ी- मैं यूपी की नारी हूं, हर रोज जलाई जाती हूं....राम राज्य का झांसा देकर बलि चढ़ाई जाती हूं।

### मंत्री ने कांग्रेस विधायक को भाजपा में आने का ऑफर दिया

मंत्री आशीष पटेल ने कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा को बीजेपी में आने का ऑफर दिया। आराधना ने जवाब दिया- ये फसल कांग्रेस की देन है। ज्यादातर वही हैं, नाम लूंगी तो कई दुखी हो जाएंगे। सपा विधायक रागिनी सोनकर ने कहा- भाजपा सिर्फ नारी को नारा बनाकर राजनीति करना चाहती है। उन्होंने विधानसभा में कविता पढ़ी- यूपी की नारी हूं, हर रोज जलाई जाती हूं.... विधान परिषद में भी मंत्री संजय निषाद और सपा एमएलसी जसमीर अंसारी भिड़ गए। निषाद ने जब कहा कि कुछ लोगों ने मुगलों की तलवार से डर के सलवार पहन ली। तो सपा एमएलसी जसमीर अंसारी खड़े हो गए। वे संजय निषाद को टोकने लगे। कहा कि आपकी गलत बात सुनने के लिए यहां नहीं बैठे हैं। आप अपनी बात कीजिए। आप किसी जाति विशेष को नहीं कह सकते। इससे पहले, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने विपक्ष के सामने हाथ जोड़कर कहा कि हमारी बहन-बेटियों को देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचाइए। मैं हाथ जोड़कर, सिर झुकाकर अपने निवेदन करता हूं। उन्होंने गेस्ट हाउस कांड का जिक्र कर कहा- सपा के गुंडे और माफिया मायावती की हत्या करना चाहते थे। भाजपा की मदद से उनकी जान बची।


### भाजपा और सपा विधायकों ने की नारेबाजी

विधानसभा में भाजपा और सपा विधायकों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा की महिला विधायक 'साड्डा हक इत्थे रख' लिखे साइनबोर्ड लेकर पहुंचीं। सपा विधायक 2023 में पास महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और डिप्टी सीएम केशव मौर्य का घेराव किया।

### केशव बोले- पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए सभी दरवाजे खोले

विधान परिषद में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- प्रधानमंत्री की सोच ये रही है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में महिलाओं के काम करने के लिए सभी दरवाजे खोलने का काम किया। जहां मौका मिला, उन्होंने महिलाओं को मौका दिया। महिलाओं ने भी देश का मान-सम्मान बढ़ाया। 16 और 17 अप्रैल को विशेष सत्र बुलाया गया और संशोधन बिल लाया गया। 2029 से ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने और लोकसभा की सीटों को बढ़ाए जाने का बिल था जिसे सपा, टीएमसी, कांग्रेस और डीएमके ने गिरा दिया।

>> (शेष पेज 06 पर)



## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर चलती कार में आग, 5 जिंदा जले

अलवर । अलवर के मौजपुर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर चलती कार में आग लग गई। हादसे में 5 लोग जिंदा जल गए। रेस्क्यू टीम को आग बुझाने के बाद अर्टिगा कार में से केवल हड्डियां मिलीं हैं। कार ड्राइवर आग लगते ही बाहर कूद गया था।

उसे गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया है। कार सवार परिवार श्योपुर (मध्य प्रदेश) के चैनपुरा के रहने वाला था। परिवार मन्नत पूरी होने पर वैष्णो देवी दर्शन कर लौट रहा था। पुलिस को आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। एक्सीडेंट बुधवार रात 11 बजे हुआ।

जानकारी के अनुसार हादसे में चैनपुरा के रहने वाले संतोष (35), पत्नी शशि (30), सास पार्वती (55) और दो नाबालिगों की मौत हुई है। परिवार पार्वती की बीमारी ठीक होने पर मन्नत पूरी करने वैष्णो देवी गया था।

# एग्जिट पोल भाजपा के इशारे पर दिखाए गए : ममता बनर्जी

## टीएमसी से गठबंधन पर फैसला बाद में:खड़गे

**दावा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार शाम वीडियो मैसेज जारी कर दावा किया कि राज्य में फिर से TMC सरकार बनेगी। ममता ने कहा- TMC बंगाल में 294 में से 226 से ज्यादा सीटें जीतकर फिर से सत्ता में लौटेगी। ममता ने कहा,एग्जिट पोल भाजपा के इशारे पर दिखाए गए, ताकि TMC कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ा जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों ने चुनाव के दौरान भाजपा के एजेंट की तरह काम किया। इधर टीएमसी नेताओं ने कोलकाता में स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर धरना दिया। पार्टी का आरोप है कि



- टीएमसी बोली- बैलेट बॉक्स के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश

बैलेट बॉक्स बिना उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी के खोले जा रहे हैं। इसको लेकर टीएमसी ने सोशल मीडिया पर वीडियो भी पोस्ट किया है। उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नतीजों के बाद बंगाल में TMC के साथ गठबंधन पर फैसला लिया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

# रेप विक्टिम के अबॉर्शन पर टाइम लिमिट हटाएं : एससी

## केंद्र से कहा- अपने कानून में बदलाव करें, अभी 24 हफ्ते तक गर्भपात का नियम

**सुनवाई**

- एससी ने कहा- कोर्ट वहीं करेगा, जो महिला के हित में बेहतर होगा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 15 साल की रेप विक्टिम को 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने केंद्र



से कहा कि ऐसे मामलों में अबॉर्शन के लिए टाइम लिमिट से जुड़े कानून में बदलाव करना चाहिए।

>> (शेष पेज 06 पर)

### एम्स ने कहा था- नाबालिग शायद फिर कभी मां न बन पाए

15 साल की लड़की एक नाबालिग लड़के के साथ आपसी सहमति से संबंध के कारण प्रेग्नेंट हुई थी। नाबालिग की मां ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट (MPT Act) में तय समयसीमा से आगे जाकर बेटी के अबॉर्शन की इजाजत मांगी थी। लड़की ने भी कहा था कि वह प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती।

AIIMS ने कोर्ट से कहा था कि 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में भ्रूण एक जीव का आकार ले चुका होता है और इस स्टेज पर अबॉर्शन सफल नहीं हो सकता। डॉक्टरों ने यह भी कहा कि अबॉर्शन से नाबालिग मां को भी खतरा है। >> (शेष 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### आईएससी, आईसीएसई रिजल्ट 2026 जारी

नई दिल्ली। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन यानी सीआइएस-सीई ने ICSE क्लास 10वीं और ISC 12वीं एग्जाम के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। CISCE 10वीं में 98.18% स्टूडेंट्स पास हुए।

**मातम | शोक**

### एकसाथ जलीं 16 चिताएं, एक चिता पर चार महिलाएं

अमन चौहान/ जलज नागदा। धार। मध्य प्रदेश के धार में बुधवार रात हुए पिकअप हादसे में नयापुरा के 9, सेमलीपुरा के 5 और रामपुरा के 2 लोगों की मौत हो गई। सभी का अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह किया गया। 4 महिलाओं के शवों को एक ही चिता पर रखा गया। अपनों को खोने वाले परिजन का बुरा हाल है। कोई पत्नी की तस्वीर हाथ में लेकर बैठा है तो कोई उनके कपड़े एकटक देख रहा है। रिश्तेदारों की आंखें भी नम हैं। पूरे गांव में मातम छाया है। बता दें कि बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे 46 मजदूरों से भरा पिकअप वाहन टायर फटने से डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया था।

### राहुल गांधी बोले- वीआईपी कल्चर छोड़ जनता से संवाद करें

कांगड़ा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज (गुरुवार) कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू कश्मीर के 80 कांग्रेस अध्यक्षों को ट्रेनिंग दी। राहुल गांधी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए VIP कल्चर छोड़कर आम जनता से सीधे संवाद करना होगा।

# यूपी और बिहार में आंधी बारिश से 18 की मौत

## राजस्थान के कोटा में मकान पर बिजली गिरी

**मौसम**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ । देश में पिछले 24 घंटे के अंदर अलग-अलग मौसम देखने को मिला। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में कई जगह पारा 40 से 46°C के बीच रहा। हालांकि, आंधी और हल्की बारिश से कई इलाकों में तापमान 2 से 3°C तक घट भी गया। उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई। सुल्तानपुर में सबसे ज्यादा 7 मौतें हुईं। वहीं, बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। पटना में आंधी से दीवार गरिने से 2 लोगों की मौत हो गई।



- दिल्ली- एनसीआर में बारिश के साथ ओले गिरे

कई जिलों में पेड़ गिर गए। उत्तराखंड के मसूरी में गुरुवार को ओले गिरे। दिल्ली में गुरुवार को दोपहर बाद ओले गिरे। वहीं राजस्थान के कई जिलों में लगातार दूसरे दिन बारिश जारी है। कोटा में एक मकान पर बिजली गिरी। इधर उत्तराखंड के देहरादून और मसूरी में भी बारिश के साथ ओले गिरे हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

## 15 से ज्यादा लापता, 18 को बचाया, तूफान के चलते नर्मदा के बरगी डैम में हादसा

# जबलपुर में क्रूज डूबा, 6 शव मिले


**रेस्क्यू**

तमसा संकेत, एजेंसी

जबलपुर । मध्यप्रदेश के जबलपुर में नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में गुरुवार शाम पर्यटकों से भरा क्रूज डूब गया। पुलिस के मुताबिक, 6 शव बरामद किए गए हैं। 18 को सुरक्षित बचा लिया गया। 15 से ज्यादा अब भी लापता हैं।

बरगी सिटी एसपी (CSP) अंजुल मिश्रा ने बताया कि MP टूरिज्म के क्रूज में 40 से 45 लोग सवार थे। अचानक आई आंधी के कारण ये हादसा हुआ।

हादसे की सूचना मिलते ही SDRF की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन के




लिए पहुंची। अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी आ रही है। हालांकि बड़ी टॉर्च का इस्तेमाल करके लोगों की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक ऑर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया का एक पूरा परिवार क्रूज में सवार था। इस परिवार के एक सदस्य का शव बरामद कर मेडिकल कॉलेज लाया गया है।

मेडिकल कॉलेज में बरगी से दो शवों को एंबुलेंस की मदद से लाया गया है। >> (शेष पेज 06 पर)

### सीएम ने कहा- सरकार हर प्रभावित परिवारों के साथ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जबलपुर में तेज आंधी-तूफान के कारण हुए बरगी डैम क्रूज हादसे के बाद प्रशासन और रेस्क्यू टीम लगातार अभियान चला रही है। 15 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि लापता लोगों की तलाश जारी है। सीएम ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी समेत वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद दी जा रही है।



### मंत्री बोले लापता लोगों को तलाशना प्राथमिकता

मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता लापता लोगों को तलाशना है। प्रशासन की टीम इस काम में जुटी है। रेस्क्यू पूरा होने के बाद पड़ताल की जाएगी कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ।

बरगी शहर के पुलिस अधीक्षक अंजुल मिश्रा ने बताया कि 6 शव बरामद किए गए हैं। 18 को सुरक्षित बचा लिया गया। 15 से ज्यादा अब भी लापता हैं। अधिकारी ने बताया कि अचानक आंधी के कारण क्रूज पलटने के समय करीब 35-40 लोग क्रूज पर सवार थे।

**कटाक्ष : महिला सुरक्षा, आरक्षण और कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर साधा निशाना**

# 'भाजपा झूठ और भ्रम की राजनीति कर रही'

अरमान

तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा झूठी पार्टी है और जनता उसके चाल-चरित्र को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल संसद से पास होकर कानून बन चुका है, इसके बावजूद भाजपा झूठा प्रचार कर रही है।

गुरुवार को हरदोई के एक दिवसीय दौरे से लौटते समय मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग "गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं" और महिला आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने सवाल





- विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने समाजवादी सरकार के दौरान बने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे को देश का बेहतरीन एक्सप्रेस-वे बताया और कहा कि भाजपा सरकार अधूरे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कर रही है।

उठाया कि जब कानून लागू है तो सरकार इसे जमीन पर लागू क्यों नहीं कर रही।

अखिलेश यादव ने प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती घटनाओं को लेकर भी सरकार को घेरा।

>> (शेष पेज 06 पर)

> मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वे अक्सर तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं और मुद्दों को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उद्योगपतियों के इशारे पर एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

### अयोध्या में '400 पार' का नारा देने वाली भाजपा वहीं हार गई

विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा के दावों पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि अयोध्या में "400 पार" का नारा देने वाली भाजपा वहीं हार गई, जो उसकी नीतियों की असलियत को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनावों में भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है । >> (शेष पेज 06 पर)

# ऑपरेशन सिंदूर अपनी मर्जी से रोका : राजनाथ

## भारतीय सेना की सर्ज कैपेसिटी पहले से ज्यादा मजबूत

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अपनी मर्जी और अपनी शर्तों पर रोका था। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो देश पाकिस्तान के खिलाफ लंबी लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से परमाणु हमले की धमकी दी गई थी, लेकिन भारत इससे नहीं डरा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की सर्ज कैपेसिटी (अचानक ताकत बढ़ाने की क्षमता) पहले से ज्यादा मजबूत है।

राजनाथ ने कहा- भारत आज



- राजनाथ बोले- आतंकवाद की जड़ उसकी विचारधारा

इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के लिए जाना जाता है जबकि पाकिस्तान को IT यानी इंटरनेशनल टेररिज्म का केंद्र माना जाता है। सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक टर्निंग पॉइंट था, जिसने दुनिया को दिखाया कि भारत अब सिर्फ बयान देने वाला देश नहीं है, बल्कि सीधे कार्रवाई करता है। >> (शेष पेज 06 पर)

## रनवे पर पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया, रायपुर के लिए उड़ान भर रही थी

# इंडिगो फ्लाइट के सामने आया बंदर

घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ एयरपोर्ट के रनवे पर गुरुवार सुबह फ्लाइट के सामने अचानक बंदर आ गया। पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। फ्लाइट 135 यात्रियों के साथ रायपुर के लिए उड़ान भरने वाली थी। तुरंत ही फ्लाइट को टैक्सी-वे पर लाया गया। प्रोटोकॉल और जरूरी जांच के बाद फ्लाइट को सवा घंटे बाद रवाना किया गया।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, घटना सुबह 8.55 बजे इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6E-6521) के साथ हुई। फ्लाइट उड़ान भरने के लिए रनवे पर कुछ दूरी तय कर चुकी थी। पायलट की सूझबूझ की वजह बड़ा



हादसा टल गया। फ्लाइट ने सुबह 10.05 बजे रायपुर के लिए उड़ान भरी।

अचानक ब्रेक लगने से फ्लाइट सवार सभी यात्री और क्रू मेंबर घबरा गए। एयरपोर्ट प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। इस दौरान सुरक्षा में तैनात 'फॉलो मी' वाहन के कर्मचारियों ने तुरंत बंदर को रनवे से भगाया। वहीं, एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बातचीत में ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है।

उन्नाव में दो साल पहले आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फाइटर विमानों का एयर शो हुआ था। उस दौरान विमानों के सामने एयर शो के दौरान अचानक रनवे पर एक कुत्ता हवाई पट्टी पर आ गया। इससे अफरा-तफरी के हालात बन गए। वायु सेना के सुरक्षा कर्मियों ने रनवे पर पहुंचकर कुत्ते को भगाया। करीब ढाई घंटे तक चले एयर शो के बाद हरक्यूलिस विमान हवाई पट्टी पर उतरा। जिसमें सेना के अफसर और सैन्य सामग्री को ले जाया गया। भारतीय वायु सेना ने गगन शक्ति युद्धाभ्यास किया था। सबसे पहले सुखोई विमान ने 3.5 किमी की एयर स्ट्रिप पर टच एंड गो किया।

### फ्लाइट को रिपोजिशन कराया

सूत्रों के मुताबिक, सिटी साइड से एक बंदर फ्लाइट टेक ऑफ करने से पहले पायलट को दिखाई पड़ा। जो रनवे क्रॉस करके जा रहा था। बंदर को जाते हुए पायलट ने देखा तो फ्लाइट को टेक ऑफ नहीं किया। ATC को दोबारा से जानकारी दी। इसके बाद दोबारा से फ्लाइट रिपोजिशन कराई गई। ATC के क्लियरेंस के बाद फ्लाइट को टेक ऑफ कराया गया।



सुरक्षाकर्मियों ने कुत्ते को रनवे से भगाया था। (फाइल)

### एक घंटे तक उछल-कूद करता रहा बंदर

बंदर करीब घंटेभर रनवे और उसके आसपास उछल-कूद करता रहा। काफी मुश्किल के बाद रनवे सुरक्षा में तैनात कर्मचारी उसे भगा पाए। बंदर रहीमाबाद गांव की तरफ मौजूद एयरपोर्ट बाउंड्री वॉल की ओर भाग निकला।

फ्लाइट के वापस जाने और फिर आने की जानकारी विस्तारा ने सोशल मीडिया पर भी दी थी। एक्स पर एक पोस्ट में विस्तारा ने लिखा था, बेंगलुरु से गोवा जाने वाली फ्लाइट गोवा एयरपोर्ट के रनवे पर रुकावट के कारण बेंगलुरु की ओर डायवर्ट कर दी गई। यह दोपहर 3 बजे बेंगलुरु वापस आई। दो घंटे बाद एक अन्य पोस्ट में कहा गया, फ्लाइट यूके-881, जिसे बेंगलुरु के लिए डायवर्ट किया गया था, उसने बेंगलुरु से 4:55 बजे टेकऑफ किया और 6:15 बजे गोवा पहुंची।

## मलिहाबाद में मल्हिया पासी स्मृति गेट दोबारा लगा

### 7 दिन से धरने पर बैठे थे विधायक और पूर्व सांसद

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ के मलिहाबाद में एक हफ्ते से चल रहे 'महाराजा मल्हिया पासी स्मृति द्वार' विवाद के बीच गेट लगा दिया गया। गुरुवार सुबह प्रशासन ने गेट को दोबारा उसी जगह पर लगवा दिया। 22-23 अप्रैल की रात इसे प्रशासन ने रातों-रात हटाया दिया था। इस पूरे मामले को लेकर बीजेपी के नेता धरने पर बैठे हुए थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर और विधायक जय देवी के नेतृत्व में सैकड़ों लोग 7 दिनों से 'प्रवास अनशन' पर बैठे थे। अब गेट लगने के बाद प्रवास धरना खत्म हो गया है। लेकिन, इलाके में पुलिस-प्रशासन अलर्ट है।

पूर्व मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि गेट को पुनः लगाए जाने से पासी समाज का खोया हुआ सम्मान वापस लौटा है और उनके साथ हुआ अपमान दूर हुआ है। उन्होंने इस मुद्दे में शामिल सभी संगठनों का धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि ब्राह्मण समाज, क्षत्रिय समाज, वैश्य समाज, मुस्लिम समाज समेत अन्य समाजों के लोगों ने भी इसमें आकर पूरा समर्थन दिया।

लखन आर्मी संगठन के सूरज पासी ने कहा कि दोबारा बोर्ड लगाए जाने से बेहद खुशी है। उन्होंने सांसद, विधायक और समाज के सभी संगठनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने सोच-समझकर गेट को फिर से लगवाया है। उन्होंने पुलिस से अपील की कि आरोपियों की पहचान सार्वजनिक की जाए।

फास्ट न्यूज़

### लखनऊ में खराब मौसम से एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ में गुरुवार सुबह मौसम अचानक खराब हो गया। इसका असर चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पड़ा। घने बादल और कम विजिबिलिटी के कारण उड़ानें प्रभावित हुईं। दिल्ली से आई एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई-2499) लैंड नहीं कर सकी। काफी देर तक हवा में चक्कर लगाने के बाद इसे वाराणसी भेज दिया गया।

### फार्मासिस्ट को 9 दिन डिजिटल अरेस्ट कर 7.20 लाख ठगे

लखनऊ। लखनऊ में साइबर ठगों ने कूरियर कंपनी का अधिकारी बनकर एक व्यक्ति से लाखों रुपए ऐंठ लिए। जालसाजों ने पीड़ित को मुंबई क्राइम ब्रांच में मुकदमा दर्ज होने का डर दिखाया। इसके बाद जांच के नाम पर 9 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर अलग-अलग खातों में रुपए ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चांदन इंदिरा नगर निवासी शैलेंद्र धर द्विवेदी फार्मा में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल को उनके पास एक कॉल आया।

### 24 घंटे से खराब बस, मजदूरों का हंगामा

लखनऊ । लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में पश्चिम बंगाल से हरियाणा जा रही मजदूरों से भरी एक डबल डेकर बस किसान पथ पर खराब हो गई। बुधवार को खराब हुई यह बस 24 घंटे बाद भी ठीक नहीं हो पाई, जिसके बाद गुरुवार को मजदूरों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मजदूरों को समझा-बुझाकर शांत कराया। बस चालक ने बताया कि मैकेनिक को बुलाया गया है और जल्द ही बस की खराबी दूर कर दी जाएगी।

## तीन करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया कब्जा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम ने सरसवां गांव में चक मार्ग पर कब्जा कर बाउंड्री वाल बनाने वाली जमीन से कब्जा हटाया है। 3 करोड़ रुपए कीमत की यह जमीन नगर निगम को बुलडोजर चलाकर खाली करानी पड़ी है। कई दिनों से स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत के बाद नगर निगम की टीम कार्रवाई की चेतावनी दे रही थी, लेकिन अवैध कब्जा खाली नहीं किया गया था। नगर आयुक्त गौरव कुमार का कहना है कि अवैध कब्जे के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सरसवां गांव के गाटा संख्या 739, जिसका क्षेत्रफल 0.159 हेक्टेयर है। राजस्व अभिलेखों में चकमार्ग के रूप में दर्ज है। इस सार्वजनिक भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अस्थाई बाउंड्रीवाल बनाकर प्लॉटिंग/निर्माण का प्रयास किया जा रहा था, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान



नगर निगम के बुलडोजर ने चकरोट मार्ग पर बाउंड्री वॉल तोड़ी


पहुंचाया जा रहा था। मामले मे तहसीलदार अरविन्द पाण्डेय द्वारा गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार तेजस्वी प्रकाश, लेखपाल राजू और शक्ति वर्मा भी मौजूद रहे। अतिक्रमण हटाने के दौरान मौके पर नगर निगम की टीम के साथ में पुलिस बल भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौजूद रहा।

## मिट्टी में दबने से मजदूर की मौत, पुलिस और फायर ब्रिगेड ने बाहर निकाला

# निर्माणाधीन अस्पताल की दीवार धंसी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में एनटीपीसी बिल्डिंग और साइबर हाइट्स के पास निर्माणाधीन अस्पताल की दीवार गिर गई। गुरुवार सुबह नींव के बगल में खुदाई के दौरान दीवार के पीछे से मिट्टी खिसक गई। इसमें 2 मजदूर दब गए। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रगेड मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया तो एक मजदूर अचेत अवस्था में मिट्टी से निकाला गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विभूतिखंड थाने के इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान बाराबंकी रामनगर के लक्ष्मी शंकर अवस्थी (35) के रूप में हुई। दूसरे साथी तुलसीराम को कम चोट थी। उसे पुलिस ने लोहिया संस्थान में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।



फावड़े से खोदकर मलबा हटाया गया, जिससे दबे लोगों को निकाला जा सके।

घटना करीब 10 बजे हुई। मनीष ने बताया- यहां पर 4 लेबर काम कर रहे थे। मिट्टी खिसकने लगी तो उनमें से 2 लेबर बाहर निकल पाए। 2 लोग बाहर निकल ही रहे थे कि मिट्टी भरभराकर गिर गई। हम लोगों ने हाथों से मिट्टी हटा-हटाकर दोनों को बाहर निकाल लिया। एक को कम चोट थी और दूसरे की सांसें चल रही थीं। दूसरे वाले को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मिट्टी ऊपर से खिसककर गिर गई थी।

एसीएम सचिन वर्मा ने बताया कि आपदा राहत कोष के जरिये मृतक लक्ष्मीशंकर के परिजन को 4 लाख रुपए की सहायता तत्काल दिलाई जा रही है। मामले में लेखपाल से रिपोर्ट ली जाएगी।

### नींव की सफाई कर रहे थे तभी मिट्टी धंसी

मौके पर मौजूद एक बुजुर्ग ने बताया कि दो आदमी नींव की सफाई कर रहे थे। उसी समय मिट्टी खिसक गई। दोनों उसी में दब गए। करीब आधे घंटे तक हम 10 लोग हाथों से मिट्टी निकालते रहे। करीब 40 मिनट बाद पुलिस यहां आई। वे दोनों हमारे पास के गांव के थे।

### हॉस्पिटल बनवाया जा रहा, नक्शा पास

एलडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने मौके पर निरीक्षण किया। उनका कहना है कि D63 का नक्शा पास है। आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है। जिस जमीन पर हादसा हुआ है, उस पर हॉस्पिटल बन रहा है। इसका मानचित्र प्राधिकरण से पास है।



विभूतिखंड में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान रोड पर निर्माणाधीन बिल्डिंग। यहीं पर मिट्टी खिसकने से हादसा हुआ।

## समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके महिला विरोधी : केशव प्रसाद मौर्य

# विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण का विरोध कर आधी आबादी के साथ किया 'जघन्य अपराध'

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के माननीय उप-मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने कहा की विपक्षी दलों—समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के ऐतिहासिक प्रयासों में विपक्ष ने रोड़ा अटकाने का काम किया है।

हरदोई में हुई शिल्पी कुशवाहा हत्याकांड पर कड़ा रुख अपनाते हुए श्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है और यहाँ अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। शिल्पी कुशवाहा हमारी बेटी है और सरकार उसके परिवार के साथ खड़ी है। मामले में वैधानिक कार्यवाही पूरी हो चुकी है और आधे



से अधिक आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा को हमेशा अपराधियों की सुरक्षा की चिंता में रहती है, लेकिन हमारी सरकार में अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए

प्रधानमंत्री का सपना सशक्त हो देश की प्रत्येक महिला

> श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी महिलाओं की भागीदारी स्थानीय निकायों और पंचायतों में 50% तक ले जाने की दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन जब इसे लोकसभा और विधानसभा में लागू करने की बात आई, तो इन चारों दलों ने मिलकर बिल को गिराने का अपराध किया।

कहा, आजादी के बाद यह पहली बार है जब महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने का इतना बड़ा षड्यंत्र रचा गया है। इसकी सजा सपा, कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके को आगामी चुनाव में मिलेगी। आधी आबादी इन्हें कड़ा सबक सिखाएगी। पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों के एग्जिट पोल पर चर्चा करते हुए उप-मुख्यमंत्री जी ने पूर्ण विश्वास जताया कि पश्चिम बंगालः जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और 'कमल' पर भरोसा जताया है, वहाँ भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

### प्रधानमंत्री का संकल्पः सशक्त नारी, सशक्त भारत

उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का सपना है कि भारत की हर बेटी और महिला आत्मनिर्भर बने। उन्होंने जोर देते हुए कहा, ₹जब देश की नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र वास्तव में शक्तिशाली बनेगा। हमारी सरकार केवल योजनाओं के नाम नहीं बदलती, बल्कि धरातल पर महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

### अभूतपूर्व परिवर्तन का दौर

उपमुख्यमंत्री जी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले महिलाओं के हितों को नजरअंदाज किया गया, लेकिन आज भाजपा सरकार में नारी शक्ति को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना (मालिकाना हक) और लखपति दीदी जैसी योजनाओं ने ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है।

उप-मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2013 से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को बचाने और उन्हें आगे बढ़ाने की पहल शुरू की थी। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% हिस्सेदारी देने के प्रस्ताव का समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी ने कड़ा विरोध किया है।

## लखनऊ में बनेगी एआई सिटी, अयोध्या को 1037 करोड़ मिले

### वाराणसी और मऊ में जमीन खरीदी जाएगी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित पहली आधुनिक सिटी विकसित की जाएगी। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने वृंदावन योजना में AI सिटी कम बिजनेस पार्क बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्रोजेक्ट पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल पर विकसित होगा।

बुधवार को प्रमुख सचिव आवास पी. गुरु प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में इसको मज़बूरी मिली है। परिषद के सचिव नीरज शुक्ला ने बताया- वृंदावन योजना के सेक्टर-15 में करीब 12 एकड़ जमीन पर उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग और आवास विकास परिषद मिलकर काम करेंगे। दोनों विभागों के बीच एमओयू को बोर्ड ने मंजूरी दे दी है।

AI सिटी के लिए परिषद अपनी 12 एकड़ जमीन उपलब्ध कराएगा, जिसकी अनुमानित कीमत करीब



आवास विकास का 4173 करोड़ का बजट पास

368 करोड़ रुपए बताई गई है। यहां AI आधारित कंपनियों, आईटी ऑफिस, स्टार्टअप और बिजनेस गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। प्रोजेक्ट को विकसित करने वाली कंपनी का चयन RFP यानी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल प्रक्रिया से किया जाएगा। चयनित कंपनी के साथ राजस्व साझा करने का मॉडल लागू होगा। परियोजना से होने वाली आय में आवास विकास परिषद को 40 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा।

**कार्यक्रमः** लोगों ने सह प्रचार प्रमुख का मत जाना, लखनऊ में संघ का मीडिया संवाद

# 'आरएसएस राम मंदिर की तरह यूजीसी के खिलाफ करे आंदोलन'

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के मौके पर मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए आरएसएस के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर पहुंचे। इस मौके पर यूजीसी के मुद्दे को लेकर हंगामे जैसा माहौल बन गया।

नरेंद्र ठाकुर सवालों के जवाब नहीं दे पाए। संवाद में यह सवाल उठा कि आरएसएस यूजीसी के मुद्दे पर कोई आंदोलन क्यों नहीं कर रहा? इस पर नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि आरएसएस खुद कोई आंदोलन नहीं



करता। उसका ऐसा कोई इतिहास नहीं है।

यह भी कहा कि यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, इसलिए इस पर कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती है। इसको लेकर लोगों ने तर्क दिया कि आरएसएस ने ही राम मंदिर का आंदोलन किया। जब राम मंदिर का मुद्दा कोर्ट में चल रहा था, तब भी आरएसएस का आंदोलन जारी था। कई लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर भी आरएसएस कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। इन सब सवालों के बीच मीडिया संवाद का माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसको लेकर आरएसएस के नरेंद्र ठाकुर ने यह कहा कि देश में कई जगह उन्होंने मीडिया संवाद किया है, लेकिन इस तरह का मीडिया संवाद उन्होंने कहीं नहीं देखा। इसको लेकर उनको दुख भी है।

कार्यक्रम में प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. अशोक दुबे ने भी अपने विचार रखे और संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया और समाज के बीच बेहतर समन्वय से सकारात्मक बदलाव संभव है। संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कई सवाल भी पूछे, जिनका वक्ताओं ने विस्तार से जवाब दिए।



### संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करना है

इससे पहले मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह-प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर ने संघ की कार्यशैली और विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ की कार्यपद्धति समय के साथ विकसित हुई है, लेकिन इसकी मूल भावना समाज को संगठित करने की रही है। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार के मन में स्पष्ट लक्ष्य था, लेकिन उन्होंने अपने विचारों को सहयोगियों के साथ साझा कर सामूहिक रूप से आगे बढ़ाया। ठाकुर ने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि कार्य को कैसे बढ़ाया जाए, कौन से प्रयोग किए जाएं और समाज को जोड़ने के लिए कौन-कौन से कार्यक्रम चलाए जाएं। उनका लक्ष्य संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करना हैं , ताकि देश की बुनियाद मजबूत हो सके।

# हज-2026: ग्यारहवीं उड़ान से 427 हज यात्रियों का हुआ सफल प्रस्थान

### प्रदेश के विभिन्न जिलों से श्रद्धालुओं की बढ़ती भागीदारी

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । हज-2026 के अंतर्गत हज यात्रियों के प्रस्थान का क्रम सुचारु रूप से जारी है। इसी क्रम में लखनऊ उड़ान स्थल से ग्यारहवीं उड़ान संख्या एक्स0वाई0 8062 दिनांक 30 अप्रैल 2026 को रवाना हुई, जिसमें कुल 427 हज यात्री सऊदी अरब के लिए प्रस्थान कर गए। इन यात्रियों में 233 पुरुष एवं 194 महिलाएं शामिल हैं।

इस उड़ान में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में हज यात्री सम्मिलित हुए, जिनमें सर्वाधिक सीतापुर से 37, वाराणसी से 35, प्रयागराज से 32, लखनऊ से 29, बहराइच से 28, खीरी से 27, आजमगढ़ से 26 एवं फर्रूखाबाद से 25 यात्री शामिल हैं। इस उड़ान में 23 हज यात्री बिहार, 03 महाराष्ट्र के भी जायेंगे। ग्यारहवीं उड़ान से



हज यात्रियों की सहायता दो स्टेट हज इंस्पेक्टर-श्री सरफराज़ (लखनऊ), व श्री ताहा सलमान (प्रयागराज) के, एक स्टेट हज इंस्पेक्टर श्री सुबानुल हक बिहार राज्य के भी जाएंगे। तीनों स्टेट हज इंस्पेक्टर्स ने इस उड़ान के हज यात्रियों की स्मार्ट वॉच को एक्टीवेट करने में सहायता की।

लखनऊ उड़ान स्थल के आज ग्यारहवीं उड़ान के हज यात्रियों को शुभकामनाएं देने मा0 पूर्व उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 व मा0 राज्यसभा सांसद श्री दिनेश शर्मा जी हज हाउस



पधारे। मा0 राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण उ0प्र0 सरकार व मा0 अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य हज समिति श्री दानिष आज़ाद अंसारी जी व मा0 सदस्यगण उ0प्र0 राज्य हज समिति ने उनका स्वागत किया व सभी जाने वाले हज यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। प्रदेश सरकार द्वारा हज यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उनकी यात्रा को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे सभी श्रद्धालु अपनी पवित्र यात्रा सुगमता से पूर्ण कर सकें।

## कड़ी सुरक्षा के बीच निष्पक्ष परीक्षा कराने की तैयारी, 1:30 बजे के बाद नहीं मिलेगा प्रवेश

# 3 मई को नीट परीक्षा

### 11 केंद्रों पर 4848 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**निर्देश**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । 3 मई को आयोजित होने वाली नीट (NEET) परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के 11 केंद्रों पर आयोजित होगी। इस परीक्षा में कुल 4848 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों को अपने साथ पेन लाने की जरूरत नहीं है। परीक्षा केंद्र पर ही पेन उपलब्ध कराया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने पर अभ्यर्थियों के खिलाफ 'अनफेयर मीन्स' के तहत कार्रवाई की जाएगी।



**सुरक्षा के कड़े इंतजाम, हर अभ्यर्थी की होगी जांच**

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले सख्त जांच होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि को रोकने के लिए निगरानी बढ़ाई जाएगी।

जिलाधिकारी ने जोनल और स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों और पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया है कि वे सभी केंद्रों का निरीक्षण करें और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही कक्ष निरीक्षकों को पहले से पूरी जानकारी देने के लिए कहा गया है।

> अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। 1:30 बजे के बाद केंद्र के मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे। ऐसे में अभ्यर्थियों को समय से पहले पहुंचने की सलाह दी गई है।

**इन वस्तुओं पर पूरी तरह प्रतिबंध**

परीक्षा के दौरान कई वस्तुओं पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। अभ्यर्थी मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर और पेन ड्राइव जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान साथ नहीं ला सकेंगे।इसके अलावा ज्यामिति बॉक्स, पेंसिल बॉक्स, स्केल, इरेज़र, लिखित सामग्री और बैग भी प्रतिबंधित रहेंगे। बेल्ट, टोपी, बड़े चश्मे और धातु की वस्तुएं पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी।

खाने-पीने की चीजें और पानी की बोतल भी लाने की अनुमति नहीं है, केवल पारदर्शी बोतल ही मान्य होगी।

## अम्बेडकरनगर में सैनिक बंधु बैठक लंबित मामलों के निस्तारण पर जोर

### चार प्रार्थना पत्रों का निपटारा, एक पर कार्रवाई जारी

- गन लाइसेंस और एनओसी पर दिए गए निर्देश
- कार्यालय और विश्राम गृह का कार्य मई तक पूरा होने की उम्मीद

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । एनआईसी सभागार में बृहस्पतिवार को सैनिक बंधु बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने लंबित प्रकरणों के जल्द निस्तारण पर जोर दिया।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि पिछली बैठक में प्राप्त पांच प्रार्थना पत्रों में से चार का निस्तारण कर दिया गया है। एक प्रकरण पर अभी कार्रवाई जारी है। वर्तमान बैठक में तीन नए प्रार्थना पत्र आए, जिनमें से दो का मौके पर समाधान किया गया। एक मामले को अगली बैठक के लिए रखा गया है। जिला सैनिक कार्यालय और विश्राम गृह का निर्माण कार्य पहले 31 मार्च 2026 तक पूरा होना था। अब इसके मई 2026 तक पूरा होने की संभावना जताई गई है। कार्य की निगरानी के लिए संविदा पर चौकीदार की भर्ती की जाएगी। चौकीदार पद के लिए भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से 30 अप्रैल 2026 तक आवेदन मांगे गए हैं। यदि पर्याप्त आवेदन नहीं मिलते हैं, तो अन्य आवेदकों को भी मौका दिया जाएगा।



बैठक में गन लाइसेंस नवीनीकरण का मुद्दा भी उठाया गया। जिन सैनिकों के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं हुआ है, उन्हें हथियार राजकोषागार या नजदीकी थाने में जमा करने के निर्देश दिए गए।जिन भूतपूर्व सैनिकों को एनओसी नहीं मिली है, उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित अधिकारी से संपर्क करने को कहा गया है।

**फास्ट न्यूज**

### प्रतिभा सम्मान समारोह, 60 मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

अम्बेडकरनगर। राजेसुलता-नपुर स्थित लल्लन ब्रह्मचारी पीजी कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 60 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गांधी स्मारक इंटर कॉलेज की ओर से किया गया।

मुख्य अतिथि सर्वेंद्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति में शिक्षित युवाओं की अहम भूमिका होती है।

### पुलिस लाइन सभागार में सेवानिवृत्त मुख्य आरक्षी को भावभीनी विदाई

अम्बेडकरनगर । पुलिस लाइन स्थित सभागार में सेवानिवृत्त मुख्य आरक्षी विनय कुमार मिश्रा को विदाई दी गई। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह मौजूद रहे।विनय कुमार मिश्रा ने 1 अगस्त 1986 को आरक्षी पद पर सेवा शुरू की थी। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।अधिकारियों ने उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान विभाग के लिए महत्वपूर्ण रहा है। पुलिस विभाग ने उनके स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की।

### बसखारी में मिशन शक्ति टीम की सतर्कता

अम्बेडकरनगर । बसखारी थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम ने सतर्कता दिखाते हुए दो भटके बच्चों को सकुशल उनके परिजनों से मिलाया। दोनों बच्चे बस्ती–आजमगढ़ हाईवे पर सुबह करीब 11:45 बजे अकेले घूमते हुए मिले थे।पुलिस के अनुसार लड़की राशि और लड़का विराट अपने माता-पिता के साथ दरगाह आए थे। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और दोनों को सुरक्षित थाने ले आई।

इसके बाद आसपास खोजबीन कर पिता से संपर्क किया गया।

## ड्यूटी से गायब सफाई कर्मियों पर कार्रवाई, वेतन रोका गया

### नारी वंदन कार्यक्रम में लापरवाही, पांच कर्मियों पर सख्त कदम

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । लोहिया भवन में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले सफाई कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय ने पांच सफाई कर्मियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हलचल मच गई है।

जानकारी के अनुसार, नारी वंदन कार्यक्रम के दौरान लोहिया भवन में साफ-सफाई की जिम्मेदारी इन कर्मियों को सौंपी गई थी। निर्धारित ड्यूटी के बावजूद ये कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं मिले। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति सामने आने पर तत्काल कार्रवाई की गई।

कार्यक्रम स्थल पर सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कुछ कर्मचारी बिना सूचना ड्यूटी से गायब रहे। इससे व्यवस्था प्रभावित होने की बात सामने आई।



जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यों में जिम्मेदारी निभाना अनिवार्य है। अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का वेतन रोक दिया गया है और आगे भी जांच के आधार पर कार्रवाई जारी रहेगी।उन्होंने यह भी कहा कि सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर रहना होगा। भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए निगरानी बढ़ाई जाएगी।

## जलालपुर में कवि सम्मेलन और मुशायरा बारिश के बीच भी जगा साहित्य का रंग

### नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में पुण्यतिथि पर हुआ भव्य आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जलालपुर स्थित नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में बुधवार को कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन किया गया। यह आयोजन पूर्व प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह के परिवार की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया।

देश और प्रदेश के कई चर्चित कवि और शायर इस साहित्यिक मंच पर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 8 बजे प्रस्तावित थी, लेकिन मौसम ने आयोजन की दिशा बदल दी।

दिनभर की तेज धूप के बाद शाम को अचानक आई आंधी और बारिश ने कार्यक्रम में बाधा डाल दी। खुले मंच पर शुरू हुआ आयोजन कुछ ही देर में बारिश की चपेट में आ गया।

श्रोताओं और कवियों को कुर्सियां छोड़कर सुरक्षित स्थान की ओर जाना पड़ा। इसके बाद आयोजन को कॉलेज के हॉल में स्थानांतरित किया गया, जहां कवि सम्मेलन ने नया रूप लिया और साहित्यिक माहौल फिर से जीवंत हो उठा।




मशहूर शायरा सादिया इकरा ने अपनी ग़ज़ल "तुम्हारी दौलत नई नई है" से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा जौहर कानपुरी, अज़्म शाकरी, डॉ. हरि प्रकाश, इंसाफ टांडवी, अशहद जलालपुरी और अहमद अयाज़ ने भी अपनी प्रस्तुतियों से मंच को समृद्ध किया।

कार्यक्रम में केएनएस अस्पताल की संचालिका मधुलिका सिंह, पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयम्बक तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कमर हयात, भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## मीडिया से दूरी पर उठे सवाल, एक सप्ताह बाद भी नहीं हुई प्रेस वार्ता

### संवाद की कमी पर पत्रकारों में नाराजगी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । नई जिलाधिकारी ईशा प्रिया के कार्यभार संभालने के करीब एक सप्ताह बाद भी मीडिया से औपचारिक संवाद नहीं होने पर सवाल तेज हो गए हैं। अब तक प्रशासन की ओर से कोई प्रेस वार्ता या मीडिया ब्रीफिंग आयोजित नहीं की गई है।

स्थानीय पत्रकारों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि प्रशासन और मीडिया के बीच नियमित संवाद जरूरी होता है। इससे सरकारी योजनाओं, फैसलों और प्राथमिकताओं की सही जानकारी आम जनता तक पहुंचती है। पत्रकारों का कहना है कि समय पर आधिकारिक जानकारी न मिलने से खबरों की पुष्टि में कठिनाई होती है। कई बार जमीनी मुद्दे भी समय पर प्रशासन तक नहीं पहुंच पाते। इससे जनहित से जुड़े विषय प्रभावित होते हैं।



मीडिया प्रतिनिधियों का मानना है कि संवाद की व्यवस्था मजबूत होने से पारदर्शिता बढ़ती है और प्रशासन की कार्यप्रणाली भी स्पष्ट होती है। इससे अफवाहों पर भी रोक लगती है। जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बाद प्रशासनिक तंत्र में सक्रियता बढ़ी है। लंबे समय से ढीले रवैये को लेकर चर्चा में रहे विभागों में भी सतर्कता देखी जा रही है। शुरुआती फैसलों को लेकर आम लोगों में भी उम्मीद जगी है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, नए पदभार के शुरुआती दिनों में विभागीय समीक्षा और आंतरिक बैठकों पर ध्यान दिया जा रहा है।

## उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश, योजनाओं में तेजी लाने पर जोर

# उद्योग व व्यापार बंधु की संयुक्त बैठक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति और जिला व्यापार बंधु समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने की। इसमें उद्योग और व्यापार से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि योजनाओं में तेजी लाकर बेहतर परिणाम सुनिश्चित करें।

बैठक में 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना के तहत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। योजना के अंतर्गत उत्पादों के विपणन, डिजाइन सुधार, गुणवत्ता बढ़ाने और पैकेजिंग के लिए सुविधा केंद्र संचालित किया जा रहा है। तीन नए प्रस्ताव राज्य स्तर पर भेजे गए हैं। ग्राम हकीमपुर, टांडा में एमएसएमई ऑडिटोरियम के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है। करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण, परीक्षा, एक्सपोर्ट और उत्पाद प्रदर्शन जैसी सुविधाएं विकसित होंगी।इसके अलावा निजी औद्योगिक पार्क (प्लेज पार्क) की स्थापना का काम भी जारी है। जिलाधिकारी ने इस परियोजना में तेजी लाने के निर्देश दिए।



**बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से उठाया गया। अकबरपुर और टांडा में अतिक्रमण हटाने के दौरान क्षतिग्रस्त नालियों को एक सप्ताह के भीतर ठीक करने के निर्देश दिए गए।अकबरपुर में रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सड़कों की खराब स्थिति का मुद्दा भी सामने आया। अधिकारियों ने जल्द मरम्मत कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया।**

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि**

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2100 के लक्ष्य के मुकाबले 2204 लाभार्थियों को 916.68 लाख रुपये वितरित किए गए। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में 2200 के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 40 लाभार्थियों को 17.49 लाख रुपये दिए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही लाभार्थियों को उद्यम स्थापित करने और रोजगार मजबूत करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देने को कहा।

## जिहाद और धर्मांतरण के विरोध में बजरंग दल का प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट पर धरना

### किछोछा प्रकरण को लेकर कार्रवाई की मांग, प्रशासन को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**नारेबाजी**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । लव जिहाद और धर्मांतरण के मामलों के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास एकत्र होकर धरना दिया और नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जनपद में कुछ स्थानों पर युवतियों को निशाना बनाकर कथित रूप से शोषण और धर्मांतरण के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से किछोछा क्षेत्र के मामलों का उल्लेख किया और इन पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वे किसी भी अवैध या असंवैधानिक गतिविधि के विरोध में हैं। उनका कहना था कि दोषियों पर कानून के तहत कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए।




बजरंग दल के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में संगठित तरीके से गतिविधियां संचालित हो रही हैं। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की मांग की।

प्रदर्शन के अंत में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपने की बात कही गई। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## हरैया गांव में मृदा परीक्षण व जैव उर्वरक अभियान आयोजित

### 60 किसानों को दी गई नई तकनीक की जानकारी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। बसखारी ब्लॉक के हरैया गांव में बृहस्पतिवार को मृदा परीक्षण अभियान और जैव उर्वरक अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 60 किसानों ने भाग लिया। इसमें उर्वरकों के संतुलित उपयोग और मिट्टी की जांच पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में इफको के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक डॉ. देवी प्रसाद ने किसानों को नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर और एनपीके कंसोर्टिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन उर्वरकों के उपयोग से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में सुधार हो सकता है।

एसएफए हॉटस्पॉट से जुड़े अभय वर्मा ने किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मिट्टी की जांच से सही उर्वरक का चयन आसान होता है और लागत भी कम होती है।

इफको ई- बाजार बसखारी केंद्र प्रभारी आदित्य कुमार ने किसानों को मिट्टी का नमूना लेने का सही तरीका समझाया। साथ ही बायो डिकंपोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभियान के तहत उपस्थित किसानों को बायो डिकंपोजर भी वितरित किया गया। इसका उद्देश्य जैविक खेती को बढ़ावा देना और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करना है।



- मृदा परीक्षण के फायदे समझाए गए
- नमूना लेने की विधि सिखाई गई
- किसानों को वितरित किया गया बायो डिकंपोजर

## उपभोक्ताओं में आक्रोश : 500 तक वसूली और पासबुक रोकने का आरोप

# गैस एजेंसी पर केवाईसी के नाम पर वसूली के आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। आलापुर क्षेत्र में लोहरा स्थित कीर्तिमान ग्रामीण वितरक (इंडेन) गैस एजेंसी पर गंभीर आरोप लगे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि केवाईसी के नाम पर 500 तक की अवैध वसूली की जा रही है। आरोप है कि पैसे न देने पर गैस सिलेंडर देने से मना किया जा रहा है और कई उपभोक्ताओं की गैस पासबुक भी रोक ली गई है। इससे ग्रामीण उपभोक्ता परेशान हैं और बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

अम्बेडकरनगर पुलिस लाइन स्थित सभागार में सेवानिवृत्त मुख्य आरक्षी विनय कुमार मिश्रा को विदाई दी गई। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह मौजूद रहे। विनय कुमार मिश्रा ने 1 अगस्त 1986 को आरक्षी पद पर सेवा शुरू की थी। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्य-परायणता के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। अधिकारियों ने उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान विभाग के लिए महत्वपूर्ण रहा है। पुलिस विभाग ने उनके स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की।




**बुकिंग के बावजूद नहीं मिल रहा सिलेंडर**

उपभोक्ताओं के अनुसार गैस बुकिंग के बाद भी समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। पहले से केवाईसी पूरा कराने वालों से भी अतिरिक्त पैसे की मांग की जा रही है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

**शिकायत प्रशासन तक पहुंची**

मामले को लेकर शिकायतकर्ता पी.के. ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र भेजकर जांच की मांग की है। शिकायत में एजेंसी पर कार्रवाई की अपील की गई है।उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।पुलिस लाइन सभागार में सेवानिवृत्त मुख्य आरक्षी को भावभीनी विदाई।

> शिकायत में यह भी कहा गया है कि एजेंसी कर्मचारी उपभोक्ताओं से अभद्र भाषा में बात करते हैं। कई बार धमकी देने जैसी स्थिति भी सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे वे मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं।

## एसपी प्राची सिंह ने की जनसुनवाई शिकायतों के निस्तारण के निर्देश

### समस्याओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान पर जोर



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । गुरुवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान आमजन ने अपनी समस्याएं और शिकायतें उनके सामने रखीं।एसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और हर मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जनसुनवाई में आए लोगों की समस्याओं में पुलिस कार्रवाई, भूमि विवाद और अन्य स्थानीय मुद्दे शामिल रहे। एसपी ने सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर देखने को कहा। एसपी प्राची सिंह ने मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ लिया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान में देरी से लोगों का विश्वास प्रभावित होता है।उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा की जाए और शिकायतकर्ता को कार्रवाई की जानकारी दी जाए।जनसुनवाई के दौरान कई शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए।

# सम्पादकीय

## छात्रों की आत्महत्याएं



यह समय की मांग थी कि उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या को लेकर शिक्षा मंत्रालय सभी संस्थानों को सतर्क करते हुए उन्हें छात्रों की काउंसिलिंग करने और तय एसओपी अर्थात मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने को कहता, लेकिन केवल इतना ही पर्याप्त नहीं। उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में वह तंत्र पर्याप्त क्षमता, संवेदनशीलता और संसाधनों के साथ सक्रिय है या नहीं, जिस पर अवसाद ग्रस्त या किसी अन्य समस्या से घिरे छात्रों की काउंसिलिंग करने का उत्तरदायित्व होता है। उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों की आत्महत्याओं पर समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर चिंता जताने और उन्हें रोकने की आवश्यकता पर बल देने के बाद भी बात बनती दिख नहीं रही है। यह सामान्य बात नहीं कि आईआईटी खड़गपुर में पिछले डेढ़ वर्ष में नौ छात्रों ने आत्महत्या की। इसी तरह एनआईटी कुरुक्षेत्र में बीते दो महीनों में तीन छात्रों और एक छात्रा ने अपनी जान दे दी। इन दोनों शिक्षा संस्थानों में इतने कम समय में इतने अधिक विद्यार्थियों की आत्महत्या सामान्य बात नहीं। दुर्भाग्य से विभिन्न शिक्षा संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के मामले रह-रहकर सामने आते ही रहते हैं। ये मामले यही बताते हैं कि हमारे उच्च शिक्षा संस्थानों और विशेष रूप से उनके छात्रावासों में वैसा स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण नहीं कि किसी कारण से परेशान कोई छात्र अपने प्राण त्यागने जैसा अतिवादी कदम न उठाने पाए।

छात्र-छात्राएं भिन्न-भिन्न कारणों से आत्महत्या करते हैं। कोई परीक्षा में लगातार असफलता से निराश होकर अपनी जान दे देता है, कोई नए माहौल में खुद को समायोजित न कर पाने के कारण, कोई हीनभावना से घिर जाने के चलते और कोई अपने साथ जातिगत, क्षेत्रगत भेदभाव के कारण। कुछ मामलों में कोई छात्र अपने साथी छात्रों द्वारा ही दुर्व्यवहार का शिकार होकर आत्महत्या कर लेता है। कई बार यह दुर्व्यवहार रैगिंग के रूप में होता है। इसके अलावा अन्य कारणों से भी छात्र आत्महत्या करते हैं।

उन्हें ऐसा करने से तभी रोका जा सकता है, जब उनकी निराशा, उदासी, अकेलेपन अथवा उनके बदले व्यवहार को समय रहते भांपा जा सके और उनकी सही तरह काउंसिलिंग की जा सके। चूंकि अधिकांश उच्च शिक्षण संस्थानों में अलग-अलग क्षेत्रों और पृष्ठभूमि के छात्र आते हैं, इसलिए कई बार उनमें आपसी समन्वय और सद्भाव कायम नहीं हो पाता। ऐसा अनिवार्य रूप से हो, इसके लिए शिक्षा संस्थानों के प्रबंध तंत्र को पहले दिन से ही सक्रिय रहना चाहिए। उन्हें अपने संस्थान के छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की निरंतर जांच को लेकर भी सजगता का परिचय देना चाहिए।

# मजदूर दिवस की कहानी : इतिहास संघर्ष और अधिकारों की दास्तां





> मजदूरों की बढ़ती ताकत से उद्योगपति घबरा उठे। अखबारों ने मजदूर आंदोलन को "लाल खतरा" बताकर प्रचार शुरू किया। शहर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। कुख्यात पिंकरटन एजेंसी के हथियारबंद गुंडों को भी मजदूरों पर हमला करने के लिए बुलाया गया।

श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान और एकजुटता का प्रतीक 1 मई यानी मई दिवस दुनिया भर के मजदूरों के लंबे संघर्षों की याद दिलाता है। आज जिस आठ घंटे के कार्यदिवस को सामान्य माना जाता है, वह मजदूरों को यूं ही नहीं मिला। इसके पीछे अनगिनत संघर्ष, हड़तालें, जेलें और शहादतें जुड़ी हैं।

19वीं सदी में अमेरिका सहित कई देशों में मजदूरों से 14 से 18 घंटे तक काम कराया जाता था। काम के घंटों का कोई निश्चित नियम नहीं था। महिलाएं और बच्चे भी कठिन परिस्थितियों में लंबे समय तक काम करने को मजबूर थे। जो मजदूर विरोध करते, उन पर मालिकों के गुंडे, पुलिस और सेना तक छोड़ दी जाती थी।

इन्हीं हालातों के खिलाफ अमेरिका के मजदूरों ने संगठित होकर आवाज उठाई। 1877 से 1886 के बीच आठ घंटे काम, आठ घंटे आराम और आठ घंटे अपने जीवन के लिए समय की मांग तेज होती गई। 1886 में देशभर में मजदूरों ने "आठ घंटे समितियां" बनाईं। इस आंदोलन का सबसे मजबूत केंद्र बना शिकागो।

1 मई 1886 को अमेरिका के लाखों मजदूरों ने एक साथ हड़ताल शुरू कर दी। करीब 11 हजार फैक्ट्रियों के 3 लाख 80 हजार से अधिक मजदूर इसमें शामिल हुए। शिकागो में रेल यातायात ठप हो गया, कारखाने बंद हो गए और मजदूरों ने विशाल जुलूस निकाला।

3 मई को शिकागो के मैकार्मिक हार्वेस्टिंग मशीन कंपनी के मजदूरों ने दो महीने से चल रहे लॉकआउट के खिलाफ प्रदर्शन किया। जब हड़ताली मजदूरों ने हड़ताल तोड़ने लाए गए लोगों के खिलाफ सभा शुरू की, तभी पुलिस ने निहत्थे मजदूरों पर गोलियाँ चला दीं। चार मजदूर मारे गए और कई घायल हुए।

इस बर्बर दमन के विरोध में अगले दिन 4 मई की शाम को शिकागो के हेमार्केट स्क्वायर में जनसभा बुलाई गई।

सभा में करीब तीन हजार लोग शामिल हुए। मजदूर नेताओं अल्बर्ट पार्संस, ऑगस्ट स्पाइस और सैमुअल फील्डेन ने मजदूरों से एकजुट रहने की अपील की। रात लगभग दस बजे सभा समाप्ति की ओर थी, तभी 180 पुलिसकर्मियों का दल वहां पहुंचा और भीड़ को हटने का आदेश दिया।

इसी दौरान अचानक एक बम फेंका गया। आज तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि बम किसने फेंका। कई इतिहास-कारों का मानना है कि यह साजिश मजदूर आंदोलन को बदनाम करने के लिए रची गई थी। बम से एक पुलिसकर्मी मारा गया और कई घायल हुए।

इसके बाद पुलिस ने चारों ओर से भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। छह मजदूर मारे गए और 200 से अधिक घायल हुए। मजदूरों ने अपने खून से रंगे कपड़ों को ही झंडा बना लिया। यही लाल झंडा आगे चलकर मजदूर एकता का प्रतीक बना।

हेमार्केट घटना के बाद शिकागो में मजदूर बस्तियों, दफ्तरों और छापाखानों पर छापे मारे गए। हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया। आठ मजदूर नेताओं पर हत्या का झूठा मुकदमा चलाया गया। अल्बर्ट पार्संस पुलिस से बच सकते थे, लेकिन उन्होंने अदालत में स्वयं पहुंचकर कहा— "मैं अपने बेकसूर साथियों के साथ कठघरे में खड़ा होने आया हूं ।"

20 अगस्त 1887 को अदालत ने सात नेताओं को फांसी और एक को 15 साल कैद की सजा सुनाई।

11 नवंबर 1887 मजदूर वर्ग के इतिहास में काला दिन बन गया। अल्बर्ट पार्संस, ऑगस्ट स्पाइस, एंजेल और फिशर को शिकागो की जेल में फांसी दे दी गई। बताया जाता है कि चारों नेता क्रांतिकारी गीत गाते हुए फांसी के तख्ते तक पहुंचे और पूरे साहस के साथ मौत का सामना किया। 13 नवंबर को उनकी शवयात्रा विशाल जनसैलाब में बदल गई। पांच लाख से अधिक लोग इन शहीद नेताओं को अंतिम सलाम देने सड़कों पर उमड़ पड़े।

हेमार्केट शहीदों की याद में 1889 में अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन ने फैसला किया कि हर वर्ष 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाएगा। तब से दुनिया भर में यह दिन मजदूरों के अधिकार, सम्मान, एकता और संघर्ष के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

मई दिवस हमें याद दिलाता है कि अधिकार कभी दान में नहीं मिलते, उन्हें संघर्ष से हासिल करना पड़ता है। आठ घंटे काम का अधिकार, न्यूनतम वेतन, छुट्टी, सुरक्षा और सम्मान—इन सबके पीछे मजदूरों का लंबा संघर्ष छिपा है। आज भी जब श्रमिक अधिकारों पर खतरे बढ़ रहे हैं, तब मई दिवस की यह कहानी हमें एकजुट होकर न्याय और बराबरी की लड़ाई जारी रखने का संदेश देती है।

**बाबूलाल नागा**

## दुनिया से सीख कर हम भी बदल सकते हैं देश में किसान और मजदूर के हालात

हर वर्ष एक मई आती है, भाषण होते हैं, मंच सजते हैं, श्रमिकों और किसानों के सम्मान में संदेश दिए जाते हैं और अगले ही दिन सब कुछ सामान्य हो जाता है। लेकिन सच्चाई यह है कि भारत में किसान और मजदूर आज भी विकास की मुख्यधारा के नहीं, बल्कि उसके हाशिए के पात्र हैं। यह उस देश की विडंबना है जो स्वयं को वैश्विक शक्ति और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर बताता है, लेकिन जिसकी अर्थव्यवस्था का आधार बने लोग अब भी असुरक्षा, असमानता और उपेक्षा के बीच जीवन बिताने को मजबूर हैं।

भारत की विकास कथा में सबसे बड़ी विफलता यह यह है कि समृद्धि बढ़ने के बावजूद खेत में अन्न उगाने वाला किसान और कारखाने, सड़कें, इमारतें खड़ी करने वाला मजदूर आज भी उस आर्थिक संरचना में सबसे नीचे खड़ा है, जिसे उसकी मेहनत ने बनाया है। सवाल यह है कि आखिर क्यों? उत्तर स्पष्ट है- भारत ने विकास को ऊपर से नीचे बहने वाली प्रक्रिया मान लिया, जबकि दुनिया के सफल देशों ने नीचे से ऊपर उठने वाला मॉडल अपनाया। इज़राइल के पास न विशाल भूमि है, न प्रचुर जल संसाधन, न अनुकूल जलवायु। फिर भी वह कृषि उत्पादकता के मामले में दुनिया के अग्रणी देशों में है। कारण-उसने खेती को दया का विषय नहीं, विज्ञान का विषय बनाया। ड्रिप इरिगेशन, सेंसर आधारित खेती, डेटा एनालिटिक्स, रिसर्च आधारित फसल प्रबंधन और जल दक्षता ने वहां कृषि को आधुनिक उद्योग का रूप दिया। भारत में इसके विपरीत खेती अब भी मानसून की दया पर निर्भर है। हम जल संकट पर सम्मेलन करते हैं लेकिन खेतों तक आधुनिक सिंचाई तकनीक नहीं पहुंचा पाते। किसान को तकनीक की बातें तो सुनाई जाती हैं पर उसे तकनीक तक पहुंच नहीं दी जाती। यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, प्राथमिकताओं की कमी है। नीदरलैंड आकार में भारत के कई जिलों से भी छोटा है, फिर भी कृषि निर्यात में विश्व के शीर्ष देशों में शामिल है। क्योंकि वहां किसान केवल उत्पादन नहीं करता-वह प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और निर्यात का हिस्सा है। वहां खेती खेत पर खत्म नहीं होती, वहीं से उद्योग शुरू होता है।

**राजेश जैन**

## 'द वेल्थ रिपोर्ट 2026'...

ओ.पी. पाल

# बदलते भारत की नई आर्थिक तस्वीर: वैश्विक अमीरों का नया ठिकाना बना मुंबई



भारत ने पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था के मंच पर अपनी एक अलग और मज़बूत पहचान बनाई है। तकनीक, नवाचार और पूंजी बाज़ारों में आए उछाल ने देश के भीतर धन-सृजन की प्रक्रिया को अभूतपूर्व गति दी है। हालिया जारी 'द वेल्थ रिपोर्ट 2026' इस बात की पुष्टि करता है कि भारत अब केवल एक विकासशील अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक 'अल्ट्रा-हाई-नेट-वर्थ' आबादी के लिए एक प्रमुख पावर हाउस बन चुका है। इस पूरे परिदृश्य के केंद्र में खड़ा है मुंबई, जो अभी भी मोनाको, हांगकांग और जिनेवा जैसे शहरों के मुकाबले बहुत अधिक 'वैल्यू फॉर मनी' प्रदान करता है। ऐसे ही मुंबई में प्राइम प्रॉपर्टी की कीमतों में इस उछाल की तुलना वैश्विक शहरों से की जाए, तो टोक्यो और दुबई जैसे शहरों के बाद भारत के बेंगलुरु और मुंबई ने दुनिया के कई विकसित देशों के बाज़ारों को पीछे छोड़ दिया है। मुंबई की सफलता के पीछे केवल धन का संकेंद्रण नहीं है बल्कि बुनियादी ढांचे में हो रहे सुधार की भी गवाह है। 'भारत का आर्थिक पावर-हाउस', इस रिपोर्ट के सबसे चौंकाने वाले और महत्वपूर्ण आंकड़ों में से एक यह है कि भारत के कुल अल्ट्रा-अमीर लोगों में से 35.4 प्रतिशत अकेले मुंबई में निवास करते हैं। यह केवल एक आंकड़ा नहीं है बल्कि इस शहर की आर्थिक गहराई और इसके प्रति निवेशकों के अटूट विश्वास का प्रमाण है। नाइट फ्रैंक की 'द वेल्थ रिपोर्ट 2026' के 20वें संस्करण की ताजा रिपोर्ट इस बात की भी पुष्टि करती है कि मुंबई की यह सफलता अचानक नहीं आई है बल्कि पिछले पांच वर्षों में भारत की जीडीपी में हुई 38 प्रतिशत की वृद्धि का सबसे बड़ा लाभ इसी शहर को मिला है। देश की वित्तीय राजधानी होने के नाते, मुंबई ने न केवल पुराने औद्योगिक घरानों को सहेजा है, बल्कि नए ज़माने के टेक-टाइकून और स्टार्टअप संस्थापकों को भी अपनी ओर आकर्षित किया है। सीमित भूमि उपलब्धता और भौगोलिक सीमाओं (तटीय क्षेत्र) के बावजूद, मुंबई की मांग में कोई कमी नहीं आई है जिसने यहाँ की प्रॉपर्टी की कीमतों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना दिया है। यानी मुंबई में 1 मिलियन USD में अब केवल 96 वर्ग मीटर (लगभग 1,033 वर्ग फ़ीट) जगह खरीदी जा सकती है। हालांकि यह संख्या दिल्ली और बेंगलुरु की तुलना में कम है लेकिन अगर हम वैश्विक संदर्भ में देखें, तो मुंबई अभी भी मोनाको (16 वर्ग मीटर), हांगकांग (23 वर्ग मीटर) और जिनेवा (28 वर्ग मीटर) जैसे शहरों के मुकाबले बहुत अधिक 'वैल्यू फॉर मनी' प्रदान करता है। वेल्थ रिपोर्ट 2026 भारत की आर्थिक परिपक्वता की एक गौरवशाली तस्वीर पेश करती है। 2021 से 2026 के बीच, 30 मिलियन USD (लगभग 250 करोड़ रुपये) से अधिक की संपत्ति रखने वाले लोगों की संख्या में 63 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी देखी गई है। यह संख्या 12,000 से बढ़कर 19,877 हो गई है। इस वृद्धि के साथ ही भारत अब दुनिया का छठा सबसे बड़ा उच्च निवल संपत्ति (UHNW) वाला बाज़ार बन गया है। रिपोर्ट का 'वेल्थ साइज़िंग मॉडल' अनुमान लगाता है कि यह रफ़्तार यहीं नहीं रुकने वाली। 2031 तक भारत की अल्ट्रा-अमीर आबादी 27 प्रतिशत और बढ़कर 25,217 तक पहुँचने की उम्मीद है। हम वैश्विक स्तर पर जब हम लक्ज़री रियल एस्टेट की तुलना करते हैं, तो '1 मिलियन USD' (लगभग 8.3 करोड़ रुपये) एक मानक पैमाना माना जाता है। यह रिपोर्ट दिखाती है कि मुंबई में जमीन की कीमतें कितनी तेज़ी से बढ़ रही हैं।

'द वेल्थ रिपोर्ट 2026' रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 मुंबई के रियल एस्टेट इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। इस साल शहर में 5 मिलियन यूएसडी (लगभग 41 करोड़ रुपये) से अधिक मूल्य वाले 56 नए अल्ट्रा-लक्ज़री घरों के सौदे हुए। यह रुझान एक गहरे व्यवहारिक बदलाव की ओर इशारा करता है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन शिशिर बैजल के अनुसार, अब भारत के अमीर लोग केवल 'निवेश' के लिए घर नहीं खरीद रहे, बल्कि वे अपनी 'जीवनशैली' को अपग्रेड कर रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद के दौर में, बड़े रहने की जगहें, विश्व-स्तरीय सुख-सुविधाएं और 'ब्रांडेड रेजिडेंस' की मांग तेज़ी से बढ़ी है। अमीर खरीदार अब ऐसे घरों की तलाश में हैं जो उन्हें वैश्विक स्तर का अनुभव प्रदान करें। मुंबई में कोस्टल रोड, नए मेट्रो लिंक और ट्रांस-हार्बर लिंक जैसे प्रोजेक्ट्स ने शहर की कनेक्टिविटी को वैश्विक स्तर पर पहुँचा दिया है।

# शाहजहाँपुर में स्वास्थ्य क्रांति

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सुदृढ़ होती चिकित्सा व्यवस्था और खुशहाल नागरिक

जनपद शाहजहाँपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और जन-साधारण के लिए सुलभ बनाने के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025-26 के दौरान विकास की एक नई इबारत लिखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'सर्वे सन्तु निरामयाः' के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए जिले के चिकित्सा विभाग ने आधुनिक तकनीक और सेवौभाव के समन्वय से स्वास्थ्य ढांचे का कायाकल्प कर दिया है। विकासपरक दृष्टिकोण का ही परिणाम है कि आज शाहजहाँपुर के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के घर के करीब पहुँच रही हैं। वर्ष 2019 में संयुक्त जिला चिकित्सालय का स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध होना जनपद के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ, जिसके बाद से चिकित्सा संसाधनों और उपचार की गुणवत्ता में जो गुणात्मक वृद्धि हुई है, वह आज आंकड़ों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। वर्ष 2025-26 के उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा इतनी तेजी से बढ़ा है कि कुल ओपीडी सेवाओं के माध्यम से लाखों लोगों को जीवनदान मिला है, जहाँ प्रतिदिन औसतन 44,000 से 45,000 मरीजों का उपचार किया जाना विभाग की बढ़ती कार्यक्षमता का जीवंत प्रमाण है। इसी प्रकार, आईपीडी सेवाओं के अंतर्गत 45,622 गंभीर मरीजों को भर्ती कर उन्हें नया जीवन दिया गया, जिसमें दैनिक स्तर पर लगभग 3,800 मरीजों की सघन देखभाल सुनिश्चित की गई।

सरकार की मंशा के अनुरूप जाँच सेवाओं को इतना पारदर्शी और सुलभ बनाया गया है कि गरीब से गरीब व्यक्ति को भी अब महंगे निजी सेंटरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। जनपद में रिकॉर्ड 37,39,768 पैथोलॉजी जाँचें संपन्न होना शासन की सक्रियता को दर्शाता है, जहाँ प्रतिदिन 3 लाख से अधिक जाँचें निःशुल्क या न्यूनतम दरों पर की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, गंभीर रोगों की पहचान हेतु 1,14,665 एक्स-रे, 20,711 अल्ट्रासाउंड और 13,069 सिटी स्कैन जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं ने शाहजहाँपुर को एक मेडिकल हब के रूप में स्थापित कर दिया है। विशेष रूप से डायलिसिस की सुविधा ने गुर्दा रोगियों के लिए वरदान का काम किया है, जिसके तहत 2,460 सत्रों के माध्यम से जरूरतमंदों को राहत पहुँचाई गई है। प्रदेश सरकार की जननी सुरक्षा योजना और मातृ-शिशु कल्याण कार्यक्रमों ने जिले के सामाजिक स्वास्थ्य सूचकांकों में क्रांतिकारी सुधार किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा रू0 1,400 और शहरी क्षेत्रों में रू0 1,000 की प्रोत्साहन राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ऑनलाइन भेजी जा रही है, जिससे मातृ मृत्यु दर में प्रभावी कमी आई है। शिशु स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए एसएनसीयू विभाग में 1,877 नवजातों का सफल उपचार किया गया, वहीं बाल स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 6,638 बच्चों को पौष्टिक भोजन और देखभाल उपलब्ध कराई गई।

## जरा हटके

## प्रदेश में इंटीग्रेटेड...

अखिलेशमणि त्रिपाठी

# प्रदेश सरकार के कुशल प्रबन्धन से संचारी रोग हुआ नियंत्रित



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं प्रबन्धन का ही परिणाम है कि प्रदेश के पूर्वांचल के जनपदों में गत चार-पांच दशकों से बच्चों में फैली जानलेवा जापानी बुखार व दिमागी बुखार जैसे संचारी रोग को नियंत्रित कर लिया गया है। प्रदेश के पूर्वी जनपदों में संचारी रोग दशकों से आमजन के स्वास्थ्य को प्रभावित करता रहा है। यह रोग विशेषकर 15 वर्ष से नीचे की आयु के बच्चों को प्रभावित करता रहा है। इस रोग से सैकड़ों बच्चों की जान चली जाती थी। किन्तु प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने वर्ष 2017 में सरकार गठन के उपरान्त लगातार व्यापक जनसहभागिता के माध्यम से बचाव के लिए साफ-सफाई, टीकाकरण, जांच, दवाओं का वितरण, अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था कर दिमागी बुखार रोग पर प्रभावी नियंत्रण किया है। प्रदेश सरकार द्वारा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान लगातार चलाकर समाज के अन्तिम व्यक्ति तक कार्यक्रम का सन्देश पहुंचाकर रोग से बचाव के उपायों पर बल देते हुए इस रोग को नियंत्रित किया है। प्रदेश में संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय एवं जनसहभागिता से चलाया जा रहा यह अभियान आज एक सशक्त मॉडल बन चुका है, जिसकी देश और विदेशों में चर्चा हो रही है। अन्तर्विभागीय समन्वय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के साथ बेसिक शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, पुष्टाहार, नगर विकास, कृषि, पशुपालन, उद्यान, जल निगम, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, चिकित्सा शिक्षा आदि है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान में 12 विभागों द्वारा समन्वय बनाकर कार्य किया जाता है, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पोषाहार देते हैं। ग्रामीण ग्राम्य विकास व पंचायतीराज विभाग ग्राम स्तर पर नालियों, जल निकासी, गांवों की नियमित सफाई व मच्छर मारने की दवाओं का छिड़काव/फागिंग कराते है।

नगर विकास विभाग गलियों-मुहल्लों की सफाई, खुली नालियों को ढकने, कूड़ा उठान, दवाओं का छिड़काव, फागिंग आदि करते है। उथले हैंडपम्पों को चिन्हित करते हैं। कृषि विभाग किसानों को वैकल्पिक सिंचाई की जानकारी, उद्यान विभाग मच्छर रोधी पौधों को उगाने, पशुपालन विभाग सुअरों के बाड़ों को आबादी से दूर रखने, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एईएस व जेई रोग के उपरान्त यदि कोई बच्चा दिव्यांग हुआ है तो उसे चिन्हित कर इलाज व उपकरण दिलाये जाने का कार्य किया जाता है। चिकित्सा विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग जांच, दवाओं का वितरण, इलाज आदि समस्त स्वास्थ्य संबंधी कार्यों का दायित्व निभाते हैं। सरकार ने प्रदेश में लगातार चलाये जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के माध्यम से समाज और सरकार के बीच संवाद, सहयोग और विश्वास को मजबूत कर संचारी रोगों के विरुद्ध एक निर्णायक लड़ाई छेड़ रखी है। सरकार के अनवरत प्रयास और समाज के स्वैच्छिक सहभागिता का परिणाम है कि इस रोग के विरुद्ध अभूतपूर्व सफलता मिली है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने चिकित्सालयों में संचारी रोग के रोकथाम के लिए विशेष व्यवस्थायें की है। दिमागी बुखार के उपचार हेतु पूर्ण रूप से सुसज्जित 16 पीआईसीयू 15 मिनी पीआईसीयू, 117 ईटीसी, तथा 86 सेन्टीनल लैब संचालित है। प्रदेश सरकार संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु प्रतिवर्ष 3 चरणों में दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाकर इस रोग पर पूर्ण नियंत्रण पाया है। प्रदेश के निष्क्रिय पड़े चिकित्सा केन्द्रों को उपकरण, दवायें तथा मानव संसाधन उपलब्ध कराते हुए इस अभियान को सक्रिय किया गया तथा आम जनता को उनके घर के निकट ही जांच, उपचार आदि समस्त स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराकर संचारी रोग को नियंत्रित किया है।

प्रदेश के जनपदों में आशा कार्यकत्री हर घर में जाकर लोगों को दिमागी बुखार, डेगू, चिकनगुनिया, जापानी इन्सेफ्लाइटिस आदि रोगों से बचाव, लक्षणों एवं उपचार हेतु चिकित्सालयों पर मौजूद इलाज़ के सभी सुविधाओं के विषय में जानकारी देती है और आम जनता को जागरूक करती है। प्रदेश सरकार के समन्वय के अन्तर्विभागों द्वारा भी अपनी जिम्मेदारी निभाई जा रही है। सरकार द्वारा चलाये गये विशेष अभियानो का ही परिणाम है कि संचारी रोग नियंत्रित हो गया है। डेंगू रोगियों की संख्या में 94 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। डेंगू से होने वाली मृत्यु में 99 प्रतिशत की कमी आई। समय पर जांच, उपचार और रोकथाम उपायों ने डेंगू के प्रभाव को लगभग समाप्त कर दिया। उसी तरह जापानी इन्सेफ्लाइटिस (जे.ई.द्ध के मामलों में 96 प्रतिशत की कमी आई। जे.ई. से होने वाली मृत्यु में भी 99 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, जो पहले जे.ई. से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्र था, अब इस रोग पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है।

प्रदेश में इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोजेक्ट (आई.डी.एस.पी.) के अंतर्गत रोगों की निगरानी प्रणाली को मजबूत किया गया है। प्रदेश में लाखों स्वास्थ्य संस्थानों को पोर्टल से जोड़ा गया है। नियमित रूप से रोगों की रिपोर्टिंग और निगरानी सुनिश्चित की गई। कोविड-19 सहित 16 प्रकार के रोगों की साप्ताहिक रिपोर्टिंग की जाती है। इस प्रणाली ने समय रहते रोगों की पहचान और नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदेश में वर्ष 2017 में जहां सीमित प्रयोगशालाएं थीं, वहीं 2025 तक प्रदेश के सभी 75 जनपदों में जांच सुविधाएं उपलब्ध हो गईं। कुल 86 सेंटिनल लैब और नेटवर्क लैब स्थापित की गईं। डेंगू की मृत्यु दर 2017 के 0.91 प्रतिशत से घटकर 2025 में 0.03 प्रतिशत रह गई, यानी 96.70 प्रतिशत की कमी हुई है। स्वास्थ्य ढांचे में सुधार और त्वरित उपचार व्यवस्था ने जान बचाने में बड़ी भूमिका निभाई।

# शाहजहांपुर में तेज रफ्तार बोलेरो के सामने आई बाइक, बच्चों के सिर फटे

# शॉर्टकट लेने में पति पत्नी 2 बच्चों की मौत

**दुर्घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में हाई-वे पर शॉर्टकट लेने के चक्कर में पति-पत्नी और उनके दो बच्चों की जान चली गई। बोलेरो और बाइक की आमने-सामने टक्कर हुई। पति-पत्नी बोलेरो के नीचे आने के बाद घिसटते चले गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बेटी और बेटा उछलकर 10 फीट दूर गिरे। दोनों के सिर फट गए।

हादसे के समय वहां मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक सवार युवक ओवरब्रिज पर रॉन्ग साइड से घुसा था। बोलेरो की स्पीड 100 से ज्यादा थी। जिसके चलते उसका ड्राइवर गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाया और हादसा हो गया। घटना गुरुवार सुबह करीब 11 बजे जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर डीपीएस स्कूल के पास हुई।



निगोही थाना क्षेत्र के रामनगर बगिया गांव के रहने वाले अरुण की शादी 14 साल पहले हुई थी। वह प्राइवेट जॉब करते थे। बुधवार को उनके साले सर्वजीत की शादी थी। वह स्प्लेंडर प्लस बाइक (यूपी 27-BV- 3343) से पत्नी और दोनों बच्चों के साथ ससुराल पुवायां के सिलखड़ी गांव गए थे। इस दौरान बेटी प्रियांशी अपने दादा-दादी के पास रुक गई थी।

गुरुवार को शादी के बाद अरुण पत्नी और बच्चों के साथ घर लौट रहे थे। सुबह 11 बजे डीपीएस स्कूल से कुछ दूर पहले फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार बोलेरो (UP 82-Q-8382) ने बाइक को टक्कर मार दी।

**हादसे में इन चार की हुई मौत**



अरुण, पति | सीमा, पत्नी | नैतिक, बेटा | दीक्षा, बेटी

> एसपी सौरभ दीक्षित ने बताया बाइक की बोलेरो से टक्कर हुई। बाइक सवार पति-पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। फरार बोलेरो चालक की तलाश की जा रही है।

### गाड़ी छोड़कर भागा बोलेरो ड्राइवर

राहगीरों को आता देख बोलेरो का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अरुण, नैतिक और दीक्षा की मौत हो चुकी थी। पत्नी सीमा दर्द से तड़प रही थीं। पुलिस ने सीमा को पुवायां सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, अरुण धोबी (35) अपनी पत्नी सीमा (30), बेटे नैतिक (4) और बेटी दीक्षा (10) के साथ साले की शादी में गए थे। वहां से घर लौट रहे थे। परिवार में अब सिर्फ 12 साल की बेटी प्रियांशी बची हुई है। उसका रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसे से मची चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार से मांग है कि मृतकों के परिजनों को 40 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। ताकि परिवार में जीवित बची बच्ची की पढ़ाई-लिखाई और शादी हो सके।

# सेंट्रल मार्केट के सेक्टर 2 में महिलाओं का विरोध

## आवास विकास की टीम ने नोटिस चस्पा की

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मेरठ । मेरठ के शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल मार्केट के सेक्टर-2 में गुरुवार से नोटिस चस्पा करने की कार्रवाई शुरू की गई। आवास विकास की टीम नोटिस चस्पा करने पहुंची तो स्थानीय महिलाओं ने टीम का फिर से विरोध किया और नोटिस नहीं लगने दिया।

हंगामे को देख मौके पर सीओ सिविल लाइन सुचिता सिंह और नौचंदी थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। लोगों को समझने का प्रयास किया। वहीं महिलाओं का कहना है कि किसी भी कीमत पर वह अपने प्रतिष्ठानों पर नोटिस नहीं लगने देंगी। लोगों ने लगाए गए नोटिस को फाड़ दिया है। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन के नाम पर उनको धोखा दिया है। महिलाओं की मुख्य रूप से यही मांग है कि उनके मकान 35 से 40 मीटर में बने हुए हैं। ऐसे में यदि वह 1 मीटर सेटबैक छोड़ देंगी तो उन पर रहने का संकट आ जाएगा।



इसलिए उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि ना ही वह इस नोटिस को कुछ समझते हैं और ना ही अब वह सेटबैक छोड़ेंगी। इसके साथ-साथ जो धरना 15 दिन चलने के बाद सांसद अरुण गोविंद ने आश्वासन देकर खत्म कराया, वह धोखा देना है। विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले के समझाने के बाद भी महिलाएं अपनी मांगों पर अड़ी रहीं।

**फास्ट न्यूज**

### प्रेमी ने की हैवानियत

गोरखपुर। गोरखपुर के पीपीगंज थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोरी से रेप का मामला सामने आया है। आरोप है कि किशोरी के प्रेमी ने घर के पीछे मिलने के लिए बुलाकर वारदात को अंजाम दिया। मंगलवार को हुई घटना की जानकारी बुधवार को परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। किशोरी की मां ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

### वाराणसी में पत्नी की गला दबाकर हत्या

वाराणसी। वाराणसी के लक्सा थानाक्षेत्र के औरंगाबाद इलाके में बुधवार रात पति ने विवाद के बाद अपनी दूसरी पत्नी को जमकर पीटा। इसके बाद विवाद बढ़ा तो पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। बीती रात हुई इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों ने पुलिस को दी।

जिसके बाद मौके पर पहुंची लक्सा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है। जहां आज शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं पुलिस आरोपी पति मनोज शर्मा की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। बता दें की दोनों की दूसरी शादी थी।

### गोरखपुर में बुलेट में लगी आग

गोरखपुर। गोरखपुर में बुधवार को एक हैरान करने वाली घटना सामने आई, जब बैंक रोड के पास एक गैराज में खड़ी बुलेट बाइक अचानक धूं-धूं कर जलने लगी। इस घटना से आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। बुलेट बाइक से निकलने वाली आग की लपटें 10 फीट ऊपर तक जा रही थी। मिली जानकारी के अनुसार, यह बाइक सर्विस के लिए गैराज पर खड़ी थी।

## समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो हो सकती है बड़ी दुर्घटना

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी । सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करने का मामला नहीं है; यह एक साझा ज़िम्मेदारी है जिसके लिए सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच सहयोग, सतर्कता और सम्मान की आवश्यकता होती है। परन्तु बिडम्बना देखें कि जनपद के नगरपंचायत रामनगर में सड़क की पटरी शाक विक्रेता का कब्जा , पास सब्जी कैरेट लगा रखा हैं । इसी तरह देखा गया कि शहर के अंदर छाया चौराहे से कम्पनी बाग जाने लगें तो 'पैदल पथ' पर झोपडी. बनाकर सब्जी की लगा रखी हैं। पास में टायर का ढ़ेर जो इसबात सचेत करता कि अपने फायदे लियें सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में हम कितने जागरूक हैं। क्या वाहन चालकों और पैदल यात्रियों से लेकर साइकिल चालकों और यात्रियों तक, सभी सड़क उपयोगकर्ताओं प्रभावित नहीं होते है ? गौरतलब ! क्यूॅ न सोचा जाय कि जहां भी देखें वहां , रास्ते पर व्यापार हो रहा हैं ?..



अर्थात अपने हित में करें कार्य उपरांत नगरवासियों का चलना दूभर हो रहा हैं। वस्तुनिष्ठ ! हमारी सरकार आवागमन को सरल और सुगम बनाने के लिए सड़कों और पुलों का निर्माण कर रही है। फलस्वरूप सड़कों और पुलों के निर्माण से यातायात अधिक सुचारु होगा और यात्रियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन सेवाएं उपलब्ध व प्रयासरत हैं।

हैरत ! ऐसी अनदेखी ! जिम्मेदारों पर उठे सवाल ! यदि समय रहते इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। वहीं सड़को पे लोगों को पैदल पथ पर पैदल निकलना भी दुर्लभ प्रतीत हो रहा है ।

## जिनका मर्डर किया, उनकी पत्नी-बहन बोलीं- अब तसल्ली मिली, बेटे ने मुखाग्नि दी

# मिस्टर-यूपी एनकाउंटर में ढेर तीन दोस्तों की हत्या की थी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बुलंदशहर । बुलंदशहर में 3 दोस्तों की हत्या के मुख्य आरोपी बर्थडे बॉय जीतू सैनी (30) को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। गुरुवार सुबह 5 बजे पुलिस ने स्कूटी सवार जीतू को रोका, तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उसे तीन गोलियां लग गईं।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान जीतू की मौत हो गई। ट्रिपल मर्डर के बाद पुलिस ने जीतू पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। जीतू 2017 में बसपा का नगर अध्यक्ष रह चुका था। 5 साल पहले बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर यूपी का सेकेंड रनर-अप का खिताब भी जीत चुका था। मुठभेड़ जिला मुख्यालय




जीतू सैनी, मृतक

से 35 किमी दूर खुर्जा थाना क्षेत्र में हुई। दरअसल, 25 अप्रैल की रात RJS फिटनेस जिम में जीतू की बर्थडे पार्टी चल रही थी। पुलिस के मुताबिक, इस दौरान दोस्त अमरदीप ने जीतू के चेहरे पर केक लगा दिया था। इससे वह भड़क गया और उसने गोलियां बरसा दीं। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में भाजपा सभासद संजय सैनी के भाई मनीष (30), भतीजे आकाश (19) और चचेरे भाई अमरदीप (32) शामिल थे। पुलिस ने इस मामले में अब तक जीतू से पहले मयंक सैनी, रिंकू सैनी और भारत सैनी को एनकाउंटर में गोली मारकर पकड़ा था।

एनकाउंटर के बाद जीतू की एक रील वायरल हो रही है।

### ट्रिपल मर्डर के तुरंत बाद का वीडियो सामने आया

25 अप्रैल को जिम में हुई वारदात से जुड़ा वीडियो सामने आया है। यह घटना के तुरंत बाद का है। इसमें एक युवक फर्श पर पड़ा दिख रहा है। उसे गोलियां लगी हैं। जिम में अफरा-तफरी का माहौल है। एक युवक रोते हुए कह रहा है- किसने मारा मेरे भाई को?



### एनकाउंटर पर मृतक अमरदीप की बहन बोली- मुझे तसल्ली मिली

जिस अमरदीप की जीतू ने हत्या की थी, उनकी बहन राधा ने एनकाउंटर पर कहा- मुझे बहुत तसल्ली मिली है। इसके लिए मैं सीएम योगी को कोटि-कोटि प्रणाम करती हूं, क्योंकि मैंने मांग की थी कि खून के बदले खून चाहिए। मैं यही कहना चाहती हूं कि पुलिस-प्रशासन जिस तरह काम कर रहा, उसी तरह सख्ती से कार्रवाई जारी रखी जाए। वहीं, पत्नी सिमरन ने कहा- यह सब सुनकर हमें बहुत तसल्ली हुई कि जिसने यह कांड किया था, जिसने गोलियां चलाई थीं, वह मारा गया है। प्रशासन भी बहुत अच्छा काम कर रहा है।

## दरोगा की वर्दी फाड़ी, मोबाइल छीना, मिर्जापुर में वकील समेत 4 हिरासत में

# पुलिस चौकी में सिपाही पर थप्पड़ बरसाए, सिर फोड़ा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मिर्जापुर । मिर्जापुर में बुधवार रात भीड़ ने पुलिस चौकी में घुसकर एक सिपाही को घसीट-घसीटकर पीटा। दरोगा की वर्दी फाड़ दी और मोबाइल छीन लिया। पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की और जमकर गाली-गलौज भी हुई।

करीब डेढ़ घंटे तक पुलिस चौकी में हाई-वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। दरअसल, पैदल चल रहे युवक को एक ई-रिक्शा से हल्की चोट लग गई थी। इसके बाद युवक के साथ मौजूद 6 से अधिक लोगों ने बीच सड़क पर ई-रिक्शा चालक की पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही करीब 100 मीटर दूर स्थित पुलिस चौकी से सिपाही मौके पर पहुंचे और



सभी को पकड़कर चौकी ले आए। युवकों के गुस्से को देखते हुए चौकी के हेड कॉन्स्टेबल कमलेश पासवान ने ई-रिक्शा चालक को एक कमरे में बंद कर दिया। इसी दौरान आरोपियों ने फोन कर गांव से करीब 20 लोगों को बुला लिया, जो चौकी पहुंचकर हंगामा करने लगे। इसी बीच, एक युवक वीडियो बना रहा था, जिसका मोबाइल सिपाही ने छीन लिया। इसी बात से नाराज होकर भीड़ ने पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। सूचना मिलने पर थाने और आसपास की चौकियों से अतिरिक्त फोर्स बुलाई गई। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी का है।



### पुलिस पर हमला करने के लिए गांव से बुलाई भीड़

हेड कॉन्स्टेबल कमलेश पासवान ने गुड्डू सरदार को बचाने के लिए उसे कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद हमलावरों ने चौकी से करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित अपने गांव नेवली से रात 11:30 बजे करीब 20 लोगों को फोन कर पुलिस चौकी बुला लिया। भीड़ ने चौकी को घेर लिया और पुलिस कर्मियों से हाथापाई करने लगी। वे गुड्डू को कमरे से बाहर निकालने की मांग करने लगे।

### मोबाइल छीना तो भड़के लोग

इस दौरान एक युवक वीडियो बना रहा था, जिस पर सिपाही कमलेश पासवान ने उसका मोबाइल छीन लिया। इसी बात से नाराज होकर भीड़ ने पुलिस कर्मियों पर हमला बोल दिया। सिपाही कमलेश पासवान को चौकी के अंदर घसीट-घसीटकर पीटा गया। उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। बीच-बचाव करने पहुंचे चौकी प्रभारी मनोज कुमार राय की वर्दी फाड़ दी गई और बैज नोच लिया गया। दो अन्य पुलिस कर्मियों से भी मारपीट की गई। मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिए गए। पुलिस चौकी में तैनात 3 आरक्षी और 8 महिला सिपाही बीच-बचाव करते रहे। सूचना मिलने पर शहर कोतवाल दयाशंकर ओझा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक कई आरोपी फरार हो चुके थे। रात करीब 12 बजे तक चौकी में हंगामा चलता रहा।

## धमेंड़ी वार्ड न0 3 के इंटरलॉकिंग खड़जा पर वाहन से चलना आसान नहीं

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी । हमारी सरकार आवागमन को सरल और सुगम बनाने के लिए सड़कों और पुलों का निर्माण कर रही है। फलस्वरूप सड़कों और पुलों के निर्माण से यातायात अधिक सुचारु होगा और यात्रियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन सेवाएं उपलब्ध होंगी। बरबस ! वहीं दूसरी ओर जनपद की रामनगर नगरपंचायत में कुछ वार्डो में वाहन चलाना दूभर

हो रहा हैं । उनसे आने जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यूं कहें कि मार्ग बदहाल हैं। ज्ञात रहें कि नगरपंचायत में कुल 14 हैं । वर्तमान में लगन का सीजन चल रहा है, जिसके चलते शादी-विवाह के आयोजनों के लिए वाहनों का आवागमन बढ़ गया है। रिश्तेदारों वाहन से आने में जैसे चार पहिया वाहनों को भी आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। तीन पहिया वाहन जैसे ई रिक्शा का इस पर टेढ़े मेढ़े भी चलना लगभग असंभव हो गया है। यें कोई और



नहीं बल्कि धमेंड़ी वार्ड न0 3 का , यहां मुख्य सड़क से गोहनवा होते दक्षिणी कटरा को जाने लगें तो इंटर-लॉकिंग खड़जा , अतिक्रमण से ग्रसित को देखा जा सकता हैं। सोचों ये लगभग 125 वर्ष पुरानी टाउन एरिया हैं। इसी तरह इसी वार्ड एक दूसरी कंक्रीट खड़जा , जो मुख्य सड़क से प्रज्ञा स्कूल होते दक्षिणी कटरा जाने लगे तो मध्य रास्तें में शरीर कम्पन्न करने लगेगा । उपरोक्त नाम न बताने की शर्त पर जानकारी लोगों ने दी हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क बनने से हमलोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और दुर्घटनाओं संम्भावना रहित हो जायेंगी।

**हंगामा :** घरवाले पुलिस से भिड़े, कोतवाल बोले- कुछ लोग घड़ियाली आंसू बहा रहे

# गोंडा में 8 साल की बच्ची को कार ने रौंदा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोंडा। गोंडा-लखनऊ हाईवे पर गुरुवार को एक ईको कार ने आगे जा रहे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा में बैठी 8 साल की बच्ची का सिर उसमें लगी लोहे की रॉड से टकरा गया। इसके बाद बच्ची छिटककर सड़क पर गिर गई। भागने के चक्कर में ड्राइवर ने ईको का अगला पहिया बच्ची के सिर पर चढ़ा दिया। सिर फटने से मौके पर ही बच्ची की मौत हो गई। पीछे बैठे 2 बच्चे घायल हो गए।

बच्ची की मौत के बाद गुस्साए घरवालों ने दौड़ाकर ईको के ड्राइवर को पकड़ लिया। फिर लखनऊ हाईवे पर बच्ची का शव रखकर हंगामा करने लगे। बेटी की मौत के बाद मां सड़क पर लोट-लोटकर दहाड़े मारकर रोती रही। वह कहती रही- कोई मेरी बेटी मुझे लौटा दो।



शिवानी मृतक

वहीं, प्रदर्शन के चलते हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर कोतवाल समेत कई थानों का फोर्स पहुंचा। कोतवाल ईको के ड्राइवर को छुड़ाकर ले जाने लगे, तो प्रदर्शनकारी भड़क गए। धक्का-मुक्की करने लगे। इस पर कोतवाल कहने लगे- यहां कुछ लोग हंगामा कर रहे हैं, इनमें कुछ दलाल हैं। जो घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। इन लोगों के बहकावे में मत आइए। इसके बाद पुलिस ने लाठी फटकाकर लोगों को खदेड़ा, तब जाम खुला। मामला कोतवाली देहात क्षेत्र का है।

### कार ड्राइवर ने भागने के चक्कर में बच्ची को रौंदा

टक्कर मारने के बाद ड्राइवर ईको कार लेकर भागने लगा। इसी दौरान उसने शिवानी के सिर पर गाड़ी का पहिया चढ़ा दिया। इससे शिवानी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अनूप और नैंसी घायल हो गए। यह देख राहगीरों ने 100 मीटर तक पीछा कर ईको कार को घेरकर रोक लिया। ड्राइवर को पकड़कर पीटने लगे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। गुस्साए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। बच्ची की मौत की सूचना पर सैकड़ों गांववाले मौके पर पहुंच गए। करीब आधे घंटे बाद देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस प्रदर्शनकारियों को समझाने लगी, तो वे धक्का-मुक्की करने लगे।

### कोतवाल बोले- लोगों के बहकावे में न आएं

पीड़ित परिवार को समझाते हुए कोतवाल शमशेर बहादुर कहने लगे- हम शुरुआत से लेकर आखिर तक आपके साथ साथ हैं। जो करेंगे, हम ही करेंगे। आप लोग जाम खोल दीजिए और पुलिस को बच्ची की डेडबॉडी ले जाने दीजिए। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी विरोध करने लगे, तो पुलिस ने लाठी लेकर उन्हें दौड़ा लिया। करीब डेढ़ घंटे चले हंगामे के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लाठी लेकर खदेड़ा। जाम खुलवाने के बाद पुलिस ने शिवानी के शव का पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# गोरखपुर में मिट्टी में धंसी महिला-बच्चे की लाश मिली

## हाथ देखकर चिल्लाए लोग, जींस टॉप पहनी थी मां, ऑनर किलिंग की आशंका





**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर । गोरखपुर के गुलरिहा इलाके में सूखे नाले की मिट्टी में दफन 30 साल की महिला और नवजात बच्चे की लाश मिली है। गुरुवार सुबह नाले की मिट्टी से एक हाथ बाहर आ गया था। जिसे देखकर टहलने आए आस-पास के लोगों ने शोर मचाना शुरू किया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जमीन के नीचे दो फीट की खुदाई कर दोनों शव को बाहर निकलवाया। महिला जींस और टॉप पहने हुए है। वहीं बच्चे की बॉडी पूरी तरह गल गई है। पुलिस का कहना है कि दोनों लाश पूरी तरह गल गई है।

एक सप्ताह पुराना शव लग रहा है। घटनास्थल पर नोचे हुए बाल भी मिले हैं। लोगों का कहना है कि जानवरों ने बाल नोचे होंगे। पुलिस शवों की पहचान करा रही है। ऑनर किलिंग की आशंका पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

गुलरिहा क्षेत्र के जैनपुर ग्राम सभा टोला मसूदाबाद में गुरुवार सुबह सूखे चोरहिया नाले में मिट्टी के अंदर धंसा एक हाथ देखा गया। सुबह-सुबह आस-पास के लोग वहां टहलने आए थे। हाथ देखकर वे पहले घबरा गए। इसके बाद शोर मचाने लगे। जिसके बाद 50 से अधिक लोग वहां जुट गए। इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

### शाहजहांपुर में 4 की मौत, ससुर विदाई कराकर घर लौट रहा था, शादी की खुशियां मातम में बदली

# दुल्हन का सिर कुचला, चुनरी में बटोरे चीथड़े

**दर्दनाक**

तमसा संकेत, एजेंसी

शाहजहांपुर । शाहजहांपुर में गुरुवार दोपहर हादसे में दुल्हन समेत 4 की मौत हो गई। परिवार दुल्हन को मायके से विदा कराकर घर ला रहा था। लेकिन रास्ते में टैंकर ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार कई बार पलटी खाई और उसके परखच्चे उड़ गए। पार्ट्स सड़क पर बिखर गए।

सूचना पाकर पुलिस पहुंची। आसपास के लोगों ने कार में फंसे हुए लोगों को खींचकर बाहर निकाला। दुल्हन का पूरा सिर कुचल गया। मांस के लोथड़े बाहर आ गए थे। दुल्हन जिस चुनरी को ओढ़कर विदा हुई थी, उसी में मांस के टुकड़े बटोरे गए।



मरने वालों में दुल्हन के अलावा उसकी ननद, बुआ, देवर शामिल हैं। जबकि ससुर और दो बच्चे घायल हैं। हादसा जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर हुआ। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। परिवार में एक साथ चार मौतों से शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं।

कल्पना का पति पति रॉविल वर्मा कन्नौज से ग्रेजुएशन कर रहा है। गुरुवार को वह विदाई कराने नहीं गया था। वह परीक्षा देने गया था। घटना की जानकारी दी गई है।

एसपी ग्रामीण दीक्षा भवरे ने बताया, पीआरवी द्वारा सूचना मिली कि टाटा पंच गाड़ी को तेज टैंकर ने टक्कर मार दी है। इसमें 4 की मौत हो गई है।

### सामने से नेपाली टैंकर ने मारी टक्कर

गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे खुटार थाना क्षेत्र में रौतापुर कला गांव के पास एक तेज रफ्तार तेल से भरे टैंकर ने सामने से कार में टक्कर मार दी। टैंकर नेपाली था और वहीं जा रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पलट गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़े तो टैंकर का ड्राइवर वाहन वहीं पर छोड़कर भाग गया।

### 25 अप्रैल को हुई थी शादी

दुल्हन कल्पना (22 साल) खुटार थाना क्षेत्र के पिपरिया भगवंत गांव की रहने वाली थी। 25 अप्रैल को उसकी शादी पुवायां थाना क्षेत्र के अगौना बुजुर्ग गांव निवासी रॉविल वर्मा से हुई थी। गुरुवार सुबह ससुर अनिल कुमार कार से बहू कल्पना को विदा कराने उसके मायके गए थे। दोपहर बाद वे लौट रहे थे। कार में सात लोग सवार थे। इनमें अनिल की बेटी मोहिनी (14), बहन रीना देवी (30) पत्नी कर्मदेव, उसके दो बच्चे अभिरांश (6), अनिमेष (5) के अलावा ड्राइवर निर्दोष थे। निर्दोष, अनिल का भांजा था



हादसे में परिवार के दो बच्चों को चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### दुल्हन के जेवरात उतारे, शव मोर्चरी भेजा

लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी और कार में फंसे लोगों को निकालना शुरू किया। कल्पना का सिर फट गया था और उसकी चुनरी बगल में पड़ी हुई थी। बगल में ही अनिल की बेटी मोहिनी भी पड़ी थी। दोनों की मौके पर ही मौत चुकी थी। रीना देवी और ड्राइवर निर्दोष की हालत गंभीर थी, उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

## महावन तहसील में आर ओ खराब, प्यासे लौटे फरियादी



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। भीषण गर्मी के बीच महावन तहसील परिसर में लगे आरओ वाटर प्लांट के खराब होने से फरियादियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील में अपनी समस्याएं लेकर आने वाले लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि तहसील परिसर में लगा आरओ काफी समय से बंद पड़ा है, जिससे दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। गुरुवार को भी कई फरियादी पानी के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए और अंततः बिना पानी पिए ही वापस लौटने को मजबूर हुए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर जल्द से जल्द आरओ को ठीक कराना चाहिए, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

तहसील में मूलभूत सुविधाओं की कमी पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या के समाधान को लेकर अब तक गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 32 लाख

आगरा। आगरा में एक शिक्षिका साइबर ठगी का शिकार हो गई। साइबर ठग ने महिला को 9 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर के रखा। बोला-मैं प्रवर्तन निदेशालय से बोल रहा हूं। तुम्हारा नाम मनी लॉन्ड्रिंग केस में आया है। तुम्हें गिरफ्तार किया जाएगा। जिंदगी भर जेल में सड़ोगी। यह धमकी साइबर अपराधियों ने दयालबाग निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी। उन्हें 9 दिन तक 4 से 5 घंटे के लिए डिजिटल अरेस्ट कर जेल भेजने का डर दिखाया।

### कानपुर में बैंक मैनेजर समेत 8 साइबर ठग अरेस्ट

कानपुर । कानपुर में साइबर ठगी करने वाले 8 लोग अरेस्ट किए गए हैं। इसमें अलग-अलग बैंकों के पांच अधिकारी शामिल हैं। यह साइबर ठगों को म्यूल खाते उपलब्ध कराते थे। यह गिरोह साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट और फर्जी फर्म बनाकर ठगी की रकम ट्रांसफर कराता था। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने इस पूरे सिंडिकेट का खुलासा किया है।

पिछले साल अक्टूबर 2025 में नवीं मुंबई में डिजिटल अरेस्ट कर 58 करोड़ की ठगी के बाद एक कानपुर के शुभम गौड़ के बैंक खाते में 2.5 करोड़ रुपए भेजे थे।

### कानपुर बाल सुधार गृह से 2 बच्चे फरार

कानपुर । कानपुर के राजकीय बाल सुधार गृह से पढ़ने के लिए भेजे गए 2 बच्चे बुधवार को फरार हो गए। इनमें एक बच्चा शहर का है, जबकि दूसरा फतेहपुर का रहने वाला है। दोनों पहले दिल्ली में गुमशुदा हालत में मिले थे, जिसके बाद उन्हें कल्याणपुर स्थित राजकीय बालक गृह भेजा गया था। घटना के बाद अधीक्षक ने कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## नागालैंड नंबर ट्रक से 283 पेटी अवैध शराब बरामद

**अभियान**

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग ने थाना जैत क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णा वैली के सामने चेकिंग के दौरान हरियाणा की ओर से आ रहे नागालैंड नंबर के बंद बॉडी ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में लकड़ी के बड़े बॉक्सों में छुपाकर अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा था। बरामदगी में कुल 283 पेटी शराब शामिल है, जिनमें 51 पेटी फुल बोतल, 174 पेटी हॉफ एवं 58 पेटी क्वार्टर हैं। कुल



शराब की मात्रा 2526.12 बल्क लीटर बताई गई है, जो हरियाणा राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य थी, लेकिन इसे अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। मामले में थाना जैत पर आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कानपुर में हिस्ट्रीशीटर ने महंत को पीटा

### आश्रम पर बरसाए पत्थर, गर्लफ्रेंड से मिलने से किया था मना, भाजपा झंडा लगी थार बरामद साथी गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में बुधवार शाम को हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर ने त्रिलोकी धाम आश्रम के महंत पर हमला कर दिया। महंत को चोटें आई हैं। दोपहर में हिस्ट्रीशीटर की गर्लफ्रेंड अपने घर पर सीसीटीवी कैमरा लगवा रही थी, जिसका महंत रविकांत शुक्ला ने विरोध किया था। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। बाद में गर्लफ्रेंड ने पूरी घटना की जानकारी अजय ठाकुर को दी, जिससे वह भड़क गया।

शाम होते ही अजय ठाकुर अपने साथियों के साथ थार गाड़ी से आश्रम पहुंचा और गेट खुलवाया। जैसे ही महंत बाहर आए, आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया और बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद हमलावरों ने आश्रम परिसर में पत्थरबाजी भी की, जिससे वहां मौजूद लोग दहशत में आ गए।



### आश्रम के पास ही रहती है हिस्ट्रीशीटर की गर्लफ्रेंड

केशवपुरम राणा प्रताप नगर में स्थित त्रिलोकी धाम आश्रम के महंत रविकांत शुक्ला उर्फ भोला गिरी ने बताया- मैं करीब 40 साल से इस आश्रम में रह रहा हूं। मेरे आश्रम के पास ही अजय ठाकुर की गर्लफ्रेंड रहती है, जो 12वीं की छात्रा है। अजय अक्सर उससे मिलने आता था, जिसका मैंने कई बार विरोध किया था। इसी बात को लेकर वह मुझसे नाराज था।

बुधवार शाम अजय अपने साथियों के साथ आश्रम पहुंचा और गेट खटखटाया। जैसे ही मैंने गेट खोला, सभी ने मुझ पर हमला कर दिया। गालियां देते हुए मुझे बुरी तरह पीटने लगे। किसी तरह मैं जान बचाकर आश्रम के कमरे में पहुंचा, लेकिन इस दौरान उन्होंने बाहर से पथराव भी किया।



गर्लफ्रेंड के बर्थडे के दिन अजय ठाकुर काले रंग की स्कॉर्पियो समेत करीब 12 गाड़ियों का काफिला लेकर निकला था।

### इंस्टाग्राम से युवती से हुई थी मुलाकात

बताया जा रहा है कि अजय ठाकुर की मुलाकात युवती से इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। सोशल मीडिया पर शुरू हुई बातचीत धीरे-धीरे नजदीकियों में बदल गई और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। इसी रिश्ते के चलते आश्रम के महंत पर हमला किया। वहीं, हिस्ट्रीशीटर की गर्लफ्रेंड ने बताया कि वह अपने घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवा रही थी। इसी बात का महंत ने विरोध किया, जिसके बाद उसने अजय ठाकुर को इसकी जानकारी दी।

**एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया- महंत की तहरीर पर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर, ईशू यादव, नाबालिग गर्लफ्रेंड और उसकी मां समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें से एक आरोपी ईशू यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है, जबकि बाकी फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।**

# 'हरदोई में क्यों नहीं चल रहा बुलडोजर'

### अखिलेश बोले भाजपा खुद महिला विरोधी है, शिल्पी के हत्यारों को सजा दिलाए सरकार

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में हुए शिल्पी हत्याकांड में अखिलेश यादव ने परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार वालों को 5 लाख रुपए का चेक देकर सीबीआई जांच की मांग की। अखिलेश ने कहा कि हर घटना में सरकार पुलिस प्रशासन के जरिए बुलडोजर और 'लंगड़ा ऑपरेशन' करती हैं। मगर यहां क्यों पीछे हट रही है? मीडिया से बातचीत में सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा महिला विरोधी है। ये खुद महिला आरक्षण बिल नहीं पास करवाना चाहते। हमने एक्सप्रेस-वे पर 2016 में प्लेन उतरवा दिए थे, वो अब उतरवा रहे हैं। आगरा एक्सप्रेस-वे जो हमने बनवाया था, वो गंगा एक्सप्रेस वे से बेहतर है।

दरअसल, बीते 13 अप्रैल को शिल्पी कुशवाहा की हत्या कर दी गई थी। अखिलेश यादव गुरुवार करीब 12 बजे मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी रसूलपुर गांव पहुंचे।



उनके पहुंचने से पहले पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। शिल्पी के घर वालों से मुलाकात के बाद अखिलेश लखनऊ रवाना हो गए। वहीं, गंगा एक्सप्रेस-वे को लेकर कहा कि मैं अभी इनके बनवाए हुए एक्सप्रेस-वे से चलकर आया हूं। मैंने सोचा देख लूंगा कैसा बनवाया। कहा कि अभी भी हमारा बनवाया एक्सप्रेस-वे ही बेहतर है। भाजपा सरकार हमसे सीख रही है। हमने 2016 में सड़क पर प्लेन उतरवा दिए थे, ये अब प्रैक्टिस कर रहे हैं।

शिल्पी के भाई ने कहा कि हमने मुख्यमंत्री जी को भी ज्ञापन दिया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हम सालों से न्याय के लिए भटक रहे हैं। बिटिया को बचाने के लिए हाथ-पांव जोड़ते रहे, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। न एसपी साहब ने, न थानेदार ने, न सीओ या डीएम साहब ने।

### अब तक बुलडोजर कार्रवाई क्यों नहीं हुई



अगर किसी के साथ अन्याय हुआ है, तो क्या हम उसके साथ खड़े नहीं होंगे? इस मामले में पिता-पुत्र जेल जा चुके हैं। पुलिस लगातार कार्रवाई की बात कर रही है। लेकिन सवाल यह है कि सरकार बाकी जगहों पर तो बुलडोजर चलाती है, यहां मदद क्यों नहीं कर रही? आपने करोड़ों रुपये अन्य जगहों पर दिए, तो इस परिवार की मदद क्यों नहीं की जा रही? शिल्पी के भाई धीरेंद्र ने कहा- बाबूजी, हमें इंसाफ चाहिए। हमारी लैट्रिन और बाउंड्री तोड़ दी गई। वे लोग हमें डराना चाहते हैं। न तो अपराधियों को पकड़ा जा रहा और न ही उन पर कोई सख्त कार्रवाई हो रही है। हमें CBI जांच चाहिए और अपराधियों को फांसी होनी चाहिए। इस पर अखिलेश ने कहा कि मैं आपकी सभी मांगों के पक्ष में हूं। हम हर संभव कानूनी मदद करेंगे।

### कन्नौज में 10 मिनट में गैंगस्टर लगाते हैं

फतेहपुर में मौर्या बेटी के साथ क्या किया वर्चस्ववादी लोगों ने? इसी तरह प्रतापगढ़ में एक बेटी की जान चली गई। गाजीपुर में क्या हुआ बेटी के साथ? और अगर गाजीपुर में पुलिस कार्रवाई करती, तो उस बेटी की जान नहीं जाती। वहां तो जब हमारे लोग बेटी के परिवार से मिलने जा रहे थे तो ये वर्चस्ववादी लोग पत्थर लेकर खड़े हो गए। आरोपी पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी प्रचलित है, पिता-पुत्र जेल चले गए हैं, क्या जातीय एंगल देने की कोशिश की जा रही है। इस सवाल पर अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि हमारे कन्नौज में पता करो, 10 मिनट में गैंगस्टर लगा देते हैं। 10 मिनट में बुलडोजर से घर तोड़ देते हैं।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का हंगामा

### यमुना पार बिजलीघर पर धरना



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। यमुना पार क्षेत्र के यमुना विहार में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में स्थानीय महिलाओं ने बिजलीघर पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जताई।

महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल में अनावश्यक बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त जानकारी और सहमति के पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जो उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है।

धरने पर बैठी महिलाओं ने मांग की कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और पुराने मीटर बहाल किए जाएं। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन महिलाएं अपनी मांगों पर अड़ी रहीं।

प्रदर्शन में सुमन देवी, सीमा, कोमल चौधरी, अंजू, पूजा, कमलेश सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल रहीं।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### विधानसभा का...

घबराओ मत, ऐसन खरचाली ठोकब कि फाट जाबा (ऐसा ठोंकेंगे कि फट जाओगे)। घोसी घुस जाई एदवा बारी (इस बार घोसी भी घुस जाएगा)।

इस पर अतुल प्रधान ने कहा- ओपी राजभर से बड़ा कोई धोखेबाज नहीं। सुबह भाजपा में होते हैं, शाम होते-होते सपा में चले जाते हैं। इनकी सभाओं में भाजपा के लोगों को चप्पल मारने की बात कही जाती है। इस पर राजभर भड़क गए। सुरेश खन्ना भी खड़े हुए और विधानसभा अध्यक्ष से सपा विधायक के बयान पर ऐतराज जताया। बाद में अतुल प्रधान के बयान को रिकॉर्ड से हटा दिया गया।

निंदा प्रस्ताव के जरिए सरकार ने संदेश देने की कोशिश है कि कांग्रेस-सपा महिला विरोधी हैं। इसलिए आरक्षण बिल पास नहीं होने दिया। जबकि, विपक्ष बताने की कोशिश करेगा कि महिला आरक्षण बिल 2023 में ही पारित हो चुका है। लेकिन, सरकार उसे लागू नहीं करना चाहती।

यूपी विधानसभा के विशेष सत्र में लंबी चर्चा के बाद नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक का विरोध करने वाले दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के आरक्षण के पक्ष में हमेशा रही है। देश ने 1947 के विभाजन की त्रासदी देखी है, ऐसी परिस्थितियां दोबारा न उत्पन्न हों। यह सुनिश्चित करना हर जिम्मेदार राजनीतिक दल का कर्तव्य है और भारतीय जनता पार्टी अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन करती रहेगी।

### केशव बोले- पीएम...

जो अधिकार महिलाओं को मिल सकता था, उस पर डाका डालने का काम इन लोगों ने किया है।

### केशव प्रसाद ने निंदा ...

जब बोया पेड़ बबूल का तो 2027 में आम का पेड़ नहीं मिलेगा। आपके ढोल की पोल खुल चुकी है। पूरा सदन आपके कृत्यों का विरोध करता है। आपसे कहना चाहूंगा कि अखिलेश यादव को समझाइए। वो अपनी गलती का सार्वजनिक माफी मांगें। इसके बाद केशव प्रसाद ने निंदा प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद विधान परिषद की कार्रवाई अनिश्चि-तकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

### एग्जिट पोल ...

खड़गे ने कहा, 'अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। कांग्रेस बंगाल में खुद को मजबूत करने के लिए अकेले लड़ी है।' बंगाल के चीफ इलेक्शन ऑफिसर मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि 29 अप्रैल को बंगाल में सेकेंड फेज चुनाव के दौरान 77 EVM में छेड़छाड़ के मामले सामने आए। उन्होंने 2 मई तक EVM से छेड़छाड़ वाले बूथों पर दोबारा मतदान के संकेत दिए।

कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम के बाहर टीएमसी नेता शशि पांजा और कुणाल घोष धरने पर बैठे। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी और चुनाव आयोग के अधिकारी स्ट्रॉन्ग रूम के अंदर बैलेट बॉक्स के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं।

कुणाल घोष ने कहा कि चुनाव आयोग के CCTV और लाइवस्ट्रीम में अंदर कुछ लोग काम करते दिख रहे हैं, लेकिन टीएमसी के किसी प्रतिनिधि को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि उनसे अन्य उम्मीदवारों से बात करने को कहा जा रहा है, जो उचित नहीं है।

### रेप विक्टिम के...

CJI ने कहा, 'कानून ऐसा होना चाहिए, जो समय के साथ बदलता रहे और मौजूदा हालात के अनुसार चले। नाबालिग को जबरन मां बनने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। ऐसे मामलों में फैसला पीड़ित का ही होना चाहिए।'

सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को करीब सात महीने प्रेग्नेंट 15 साल की लड़की को अबॉर्शन की इजाजत दी थी। इसके खिलाफ AIIMS ने याचिका लगाई थी। क्योंकि अभी भारत का कानून रेप मामलों में 24 हफ्ते तक की प्रेग्नेंसी में ही अबॉर्शन की इजाजत देता है।

24 अप्रैल को सुनवाई में विक्टिम के वकील ने बताया था कि इस प्रेग्नेंसी ने नाबालिग को गंभीर मानसिक तनाव दिया है और उसकी पढ़ाई पर भी असर पड़ा है। कोर्ट को बताया गया कि नाबालिग में पहले से ही गंभीर मानसिक तनाव के संकेत दिख रहे हैं। वह आत्महत्या की कोशिश भी कर चुकी है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि बच्चे को सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी के जरिए गोद दिलाने की व्यवस्था की जा सकती है, जिससे लड़की और उसके परिवार की पहचान सुरक्षित रहे। उन्होंने नाबालिग को आर्थिक मदद की पेशकश भी की।

### एम्स ने कहा था-...

वह भविष्य में शायद फिर कभी मां नहीं बन पाएगी।

AIIMS की दलील पर कोर्ट ने कहा- आपका सारा ध्यान सिर्फ बच्चे (भ्रूण) पर है, उस मां पर नहीं जिसने इतना दर्द सहा है। यह चाइल्ड रेप का मामला है। पीड़ित को जिंदगीभर का दर्द और ट्रॉमा झेलना पड़ेगा। अब यह भ्रूण बनाम नाबालिग बच्ची की लड़ाई है।

### यूपी और बिहार में ...

यूपी का बांदा लगातार तीसरे दिन 45.8°C के साथ सबसे गर्म रहा। राजस्थान-मध्य प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तापमान 40°C से ज्यादा रहा। एमपी में भोपाल और सीधी सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां पारा 43°C से ज्यादा रहा।

केरलम के तिरुवनंतपुरम में वेली झील टूरिस्ट विलेज के पास, गर्मी के कारण टूरिस्ट घट गए हैं। इन्हीं टूरिस्ट को घुमाने वाले घोड़े को एक अस्थायी शेड के नीचे रखा गया।

### जबलपुर में क्रूज...

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना का कहना है कि सभी का पोस्टमॉर्टम शुक्रवार सुबह होगा। मृतकों के नाम और पते की जानकारी ली जा रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा, "जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज पलटने से 4 लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद और हृदयविदारक है। यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।"

जानकारी के अनुसार, हादसे के समय हवा की रफ्तार करीब 40 किमी/घंटा थी, जिससे क्रूज संतुलन खो बैठा और डूब गया।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक अगले कुछ घंटों में हवा की रफ्तार 50 से 60 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है।

### 'भाजपा झूठ और भ्रम...

उनका आरोप है कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस राजनीतिक दबाव में काम कर रही है, जिससे पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने हरदोई, गाजीपुर और प्रतापगढ़ की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कई मामलों में पीड़ित परिवारों को अब तक न्याय नहीं मिला।

### अयोध्या में '400 ...

और चुनावों में गड़बड़ी की आशंका जताई। उन्होंने पश्चिम बंगाल के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी प्रवृत्तियां अन्य राज्यों में भी देखने को मिल सकती हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर...

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार की नीति साफ है। देश में किसी भी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर सख्त और सीधी कार्रवाई की जाएगी।

## मुरलीधरन बोले फेयर मुकाबले नहीं, मनोरंजन जरूरी, अब गेंदबाजों को पिटाई के लिए तैयार रहना होगा

# 'आईपीएल में 'बिग बिजनेस' का खेल'

**बयान**

**मुंबई, एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद के चीफ कोच मुथैया मुरलीधरन ने कहा कि गेंदबाजों को मान लेना चाहिए कि उन्हें मार पड़ेगी। उनके अनुसार खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुक चुका है, इसलिए गेंदबाजों को इस स्थिति के साथ खुद को ढालना होगा।

उन्होंने बुधवार को मुंबई में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में IPL में बल्ले और गेंद के संतुलन पर पूछे गए सवाल पर कहा कि यह टूर्नामेंट दर्शकों के मनोरंजन और स्पॉन्सरशिप के बिजनेस पर टिका है। उन्होंने कहा,'अगर हम बॉलिंग फ्रेंडली विकेट देंगे, तो दर्शक इसे



SRH के चीफ कोच मुरलीधरन की यह फोटो बुधवार को मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस की है।

बोरिंग कहेंगे। लोग चौके-छक्के देखना चाहते हैं, इसीलिए 'इम्पैक्ट प्लेयर' जैसे नियम लाए गए हैं। अगर खेल से मनोरंजन खत्म हुआ तो स्पॉन्सर्स और लोगों की दिलचस्पी कम हो जाएगी। फिलहाल बल्लेबाजों का पलड़ा भारी रहेगा, गेंदबाजों को खुद को अपडेट करने में समय लगेगा।'

जब मुरलीधरन से पूछा गया कि क्या वो और शेन वॉर्न आज की पिचों पर सफल होते, तो उन्होंने कहा,' हम गेंद टर्न तो कराते, लेकिन शायद बड़ा फर्क पैदा नहीं कर पाते।



सलील ने 10 गेंद पर नाबाद 30 रन बनाए।

### 23 साल के सलिल ने बुमराह को जड़ा 'नो-लुक सिक्स'

युवा बल्लेबाजों के निडर रवैये का उदाहरण देते हुए मुरलीधरन ने अनकैप्ड खिलाड़ी सलिल अरोड़ा का जिक्र किया। उन्होंने कहा,'जसप्रीत बुमराह जैसा दिग्गज गेंदबाज भी अब छक्के खा रहा है। जब 23 साल का नया लड़का सलिल, बुमराह को 'नो-लुक सिक्स' मारता है, तो यह अविश्वसनीय है।

### पावरप्ले का गणित बदला: पहले 50 रन बनते थे, अब 80 बन रहे

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुरलीधरन ने खेल के बदलते स्वरूप पर बात की। उन्होंने कहा,'आजकल एक गेंदबाज के लिए परफॉर्म करना बहुत मुश्किल है। जब हम खेलते थे, तब पावरप्ले के 6 ओवरों में 40 से 50 रन को अच्छा स्कोर माना जाता था, लेकिन अब यह औसत 70 से 80 रन तक पहुंच गया है। अब हर टीम के पास ऐसे ओपनर्स हैं जो सिर्फ अटैक करना जानते हैं। उन्हें इस बात की परवाह नहीं होती कि गेंद अंदर आ रही है या बाहर।'

हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में 244 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया।

इस सीजन में ऐसे बड़े रन चेज पहले भी हुए हैं। पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में 265 रन का लक्ष्य हासिल किया था। वहीं हैदराबाद ने जयपुर में 229 रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा किया था।

### स्पिनर्स के लिए चिंता: टर्न के बजाय तेज फेंकने पर जोर

मुरलीधरन ने जमीनी स्तर पर स्पिन बॉलिंग सिखाने के तरीके पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'आजकल के स्पिनर्स गेंद को टर्न कराने के बजाय सिर्फ तेज फेंकने की कोशिश करते हैं। बच्चों को 10-12 साल की उम्र से ही गेंद को स्पिन कराना सिखाना चाहिए। अगर आप स्पिन नहीं कराएंगे, तो बल्लेबाज को चकमा नहीं दे पाएंगे।

# धवन का 'ब्रदर स्वैग' तो रैना ने बताया 'मैच विनर'

## हिटमैन को बर्थ-डे पर मिली दिलकश बधाइयां

नई दिल्ली। भारत के स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आज यानी 30 अप्रैल 2025 को अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। हिटमैन के बर्थडे पर उनके लाखों फैंस और क्रिकेट जगत के कई बड़े स्टार खिलाड़ी उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। 30 अप्रैल 1987 को महाराष्ट्र के नागपुर जिले के बंसोड में जन्मे रोहित ने अपने शानदार खेल के दम पर भारतीय क्रिकेट में अपनी खास पहचान बनाई। मुंबई की तरफ से रणजी ट्रॉफी में डेब्यू करने वाले रोहित ने अपना पहला इंटरनेशनल वनडे आज से 19 साल पहले 2007 में आयरलैंड के खिलाफ खेला था।

हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित अपनी बल्लेबाजी से बड़े-बड़े लक्ष्य को भी बौना साबित करने में माहिर हैं। वो अब केवल वनडे फॉर्मेट में ही एक्टिव हैं और उनका मिशन वनडे विश्व कप 2027 में खेलना है।



इतना ही नहीं, आईपीएल के 19वें सीजन में भी रोहित ने 4 मैच खेलते हुए 137 रन बना लिए हैं।

रोहित के जन्मदिन के मौके पर खेल जगत के कई खिलाड़ी और उनके फैंस सोशल मीडिया पर उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दे रहे हैं। आइए नजर डालते हैं किस-किस ने उन्हें अब तक बधाई दे दी है।

बीसीसीआई ने एक्स पर रोहित शर्मा की तीन तस्वीर का एक कॉलाज बनाकर डाला, जिसमें उन्होंने कैप्शन में उनकी उपलब्धियां गिनाई। रोहित ने 508 इंटरनेशनल मैच खेलते हुए 20 हजार से ज्यादा रन बनाए।

# चंडीगढ़ में नाबालिग फुटबॉल प्लेयर से छेड़छाड़

## टूर्नामेंट में कोच ने अश्लील हरकत की, पुलिस जांच करने हथियार लेकर एकेडमी में घुसी

**चंडीगढ़, एजेंसी**

चंडीगढ़ में एक नाबालिग फुटबॉल प्लेयर से भरे स्टेडियम में यौन उत्पीड़न हुआ। यौन उत्पीड़न करने वाला कोई और नहीं बल्कि एक नामी फुटबॉल कोच है। प्लेयर का कहना है कि टूर्नामेंट के दौरान 2 टीमों में झगड़ा हुआ। इसी दौरान कोच ने उसके पीछे अंगुली डाल दी। इस मामले में पुलिस ने करीब डेढ़ महीने बाद केस दर्ज किया लेकिन आरोपी कोच को अभी तक अरेस्ट नहीं किया।

फुटबॉल प्लेयर की तरफ से इस बारे में चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और चीफ सेक्रेटरी को शिकायत भेजी गई है। जिसमें उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपी को पकड़ने के बजाय गवाहों और शिकायत



करने वालों को धमका रही है। उन पर दबाव डाला जा रहा है।

उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि उन्हें FIR की कॉपी तक नहीं दी जा रही। यही नहीं, बार-बार नोटिस भेज परेशान किया जा रहा। पुलिस की टीमें सीधे एकेडमी के अंदर आकर दहशत का माहौल बना रही हैं। एक अफसर तो हथियार लेकर ही घुस आया। जिससे बच्चे सहम गए।

### चाइल्ड वेलफेयर में दर्ज हुए बयान

पुलिस ने बच्चे को बयान देने के लिए थाने बुलाया, लेकिन परिवार ने मना कर दिया। उनका कहना था कि इतने छोटे बच्चों को थाने ले जाना ठीक नहीं है, खासकर ऐसे मामले में तो यह बिल्कुल उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के बयान किसी सुरक्षित और आरामदायक जगह पर लिए जाने चाहिए।

इसके बाद 9 मार्च को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी में बच्चों के बयान लिए गए और उनका मेडिकल भी हुआ। लेकिन यहां भी काम देरी से हुआ और कुछ चीजें सही तरीके से नहीं हो पाईं, जिससे शिकायत करने वाले लोग संतुष्ट नहीं थे।

### ड्रेसिंग रूम में वेपिंग करना रियान पराग को पड़ा भारी

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग को आईपीएल के नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया है। आईपीएल ने रियान पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। इतना ही नहीं, उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जुड़ गया है। आरआर के कप्तान को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच नंबर 40 के दौरान ड्रेसिंग रूम में वेपिंग करते पाए जाने पर उन्हें दोषी ठहराया गया।

आईपीएल की आधिकारिक मीडिया एडवाइजरी के अनुसार, पराग ने खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए निर्धारित कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.21 का उल्लंघन किया, जो ऐसा व्यवहार जो खेल की छवि को नुकसान पहुंचाने से जुड़ा है। ये घटना मैच की दूसरी पारी के दौरान हुई, जब रियान ड्रेसिंग रूम में वेपिंग का इस्तेमाल करते नजर आए।

## ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट पीते दिखे थे, एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला

# रियान पराग पर मैच फीस का 25% जुर्माना लगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग को IPL के कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। मैच रेफरी ने उन पर कड़ा एक्शन लेते हुए जुर्माना और पेनल्टी पॉइंट लगाया है।

IPL 2026 के 40वें मैच में राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला चल रहा था। दूसरी पारी के दौरान रियान पराग ड्रेसिंग रूम के अंदर वेप (ई-सिग-रेट) का इस्तेमाल करते हुए देखे गए। रियान को IPL आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। उन्होंने आर्टिकल



2.21 का उल्लंघन किया, जो खेल को बदनाम करने वाले आचरण से संबंधित है। मैच रेफरी अमित शर्मा ने इस मामले में उन पर मैच फीस का 25% जुर्माना लगाया और उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ दिया। रियान ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और सजा को मंजूर कर लिया है। रियान पराग का ई-सिगरेट पीना गलत माना गया। भारत सरकार ने 'ई-सिग-रेट निषेध अधिनियम (PECA) 2019' के तहत वेप्स और ई-सिगरेट के उत्पादन, बिक्री, आयात और विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाया है। उल्लंघन पर जुर्माने और जेल की सजा का प्रावधान है।



रियान पराग ने इस सीजन 9 मैचों में 306 रन बनाए हैं।

### राजस्थान रॉयल्स के साथ इस सीजन का दूसरा विवाद

राजस्थान रॉयल्स इस IPL सीजन में दूसरी बार प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर चर्चा में है। इससे पहले टीम के मैनेजर रोमी भिंडर डगआउट में मोबाइल इस्तेमाल करते पकड़े गए थे, जो प्लेयर मैच ऑपरेशंस एरिया (PMOA ) प्रोटोकॉल का उल्लंघन था। उस मामले में BCCI ने जांच के बाद मैनेजर पर जुर्माना लगाया था और चेतावनी दी थी।

**मनोरंजन**

## अभिनेता अगले साल अपनी तीन बड़ी फिल्मों के जरिए वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार

# 2027 में होगा कार्तिक आर्यन का सॉलिड कमबैक






नई दिल्ली। मौजूदा समय में एक्टर कार्तिक आर्यन का करियर कुछ खास सफलता हासिल नहीं कर पा रहा है। बतौर अभिनेता उनकी पिछली कुछ मूवीज अपनी कमाल नहीं दिखा पाई हैं। बेशक 2026 कार्तिक के लिए उतना अच्छा नहीं गुजर रहा है, जिसकी उन्होंने उम्मीद की होगी। लेकिन अगले साल 2027 में कार्तिक आर्यन का सॉलिड कमबैक होता हुआ नजर आ सकता है। क्योंकि आने वाले ईयर में उनकी तीन बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज की जाएंगी।

इस साल रिलीज कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी बॉक्स आफिस पर खास असर नहीं छोड़ पाई। हालांकि अगले साल कार्तिक के लिए काफी खास होने वाला है। दरअसल, अगले साल उनकी तीन बड़ी फिल्मों की रिलीज की तैयारी में हैं। इनमें नागजिला वैलेंटाइन डे वीकेंड पर 12 फरवरी को रिलीज होगी। प्रीति मुखुंदन इसमें मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म पहले इस साल 14 अगस्त को रिलीज होनी थी, लेकिन भारी वीएफएक्स और पोस्ट-प्रोडक्शन के कारण इसे टाल दिया गया। फिल्म का निर्माण करण जौहर और महावीर जैन कर रहे हैं, जबकि निर्देशन मृगदीप सिंह लांबा के हाथ में है।



### कबीर खान के साथ बनाएंगे एक और फिल्म

निर्देशक कबीर खान संग चंदू चैंपियन जैसी सफल फिल्म बनाने वाले एक्टर कार्तिक आर्यन भविष्य में भी उनके साथ काम करते हुए नजर आएंगे। दरअसल कबीर एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म बना रहे हैं, जो किक बाक्सिंग खेल पर आधारित है। इस मूवी में जम्मू और कश्मीर की इंडिया की किक बॉक्सिंग चैंपियन प्लेयर तजामुल इस्लाम की कहानी को दिखाया जाएगा और कार्तिक उनके रियल लाइफ कोच की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। उसके बाद कई अड़चनों के बाद कैप्टन इंडिया 13 अगस्त को आएगी। इसे शिमित अमीन निर्देशित करेंगे। कार्तिक इन दिनों अनुराग बासु की अनाम म्यूजिकल ड्रामा फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ श्रीलीला नजर आएंगी। इसे इसी साल रिलीज करने की योजना है, लेकिन बाकी काम को देखते हुए इस साल रिलीज मुश्किल लग रही है।

## दृश्यम 3 टीज़र: फाइनल चैप्टर में खुलेगा 'जॉर्ज कुट्टी' का रहस्य

### सस्पेंस से भरपूर 'दृश्यम 3' का टीजर रिलीज

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा जगत की सबसे बेहतरी सस्पेंस थ्रिलर फ्रेंचाइज के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें मोहनलाल की फिल्म दृश्यम का नाम जरूर शामिल होता है। मलयालम सिनेमा के अलावा बॉलीवुड में भी इस फ्रेंचाइज ने अपार सफलता हासिल की है। पिछले दो भागों के सुपरहिट होने के बाद अब मोहनलाल की दृश्यम 3 आ रही है, जिसका टीजर मेकर्स की तरफ से रिलीज कर दिया गया है। सस्पेंस भरपूर दृश्यम 3 के इस टीजर में जॉर्ज कुट्टी को तीन गुना मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। आइए एक नजर निर्देशक जीतू जोसेफ की दृश्यम 3 की इस लेटेस्ट टीजर पर डालते हैं।

मंगलवार को मेकर्स की तरफ से इस बात का एलान किया गया था



कि बुधवार को मोहनलाल स्टारर दृश्यम 3 का टीजर रिलीज किया जाएगा। उसी आधार पर 29 अप्रैल शाम को दृश्यम पार्ट 3 की पहली झलक सामने आई, जिसमें अभिनेता मोहनलाल जॉर्ड कुट्टी के किरदार में नजर आए। इस टीजर वीडियो को मोहनलाल ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर शेयर किया है।

मलायलम दृश्यम 3 के इस टीजर में आप देख सकते हैं कि पिछले दो भागों के सीन्स को मिलाया गया है।

## भर-भर के नोट छाप रही है हॉलीवुड फिल्म

# इंडिया में माइकल का चल गया जादू



नई दिल्ली। हॉलीवुड फिल्म माइकल इन दिनों सिनेमाघरों में जारी है। कमाई के मामले में ये इंग्लिश फिल्म न सिर्फ विदेशों में कमाल कर रही है, बल्कि इंडिया में भी भर-भर के नोट छाप रही है। अभिनेता जाफर माइकल स्टारर इस मूवी ने सही मायनों में फैंस का दिल जीत लिया है और भारतीय थिएटर्स में भी दर्शक इसे देखने के लिए पहुंच रहे हैं। इस आधार पर आइए जानते हैं कि पॉप स्टार माइकल जैक्सन की इस बायोपिक मूवी ने भारत में अब तक कितने करोड़ का कारोबार कर लिया है और रिलीज के छठे दिन फिल्म के खाते में कितनी रकम आई है।

बीते हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म माइकल को इंडियंस ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। भूत बंगला और धुरंधर 2 जैसी बड़ी फिल्मों के बीच भारतीय बॉक्स ऑफिस पर माइकल ने अपनी पकड़ बनाई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार गौर किया जाए माइकल के छठे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तरफ से देश में इस हॉलीवुड फिल्म ने करीब 2.30 करोड़ का कारोबार किया है। फिल्म की कमाई का ये आंकड़ा इसलिए प्रभाशाली माना जा रहा है, क्योंकि भारत में इस हॉलीवुड फिल्म फिलहाल कुल 302 शोज चल रहे हैं। ऐसे में इतने कम शोज के बावजूद माइकल अगर 2 करोड़ से ज्यादा का कारोबा कर रही है, तो वह वाकई क ाबिल - ए - त ार ीफ म ान ा ज ाए ग ा। लिमिट ेड स्क्रीन्स में भी इस मूवी ने अपनी छाप छोड़ी है और बंपर कमाई से हर किसी को हैरान किया है।


इसके साथ एक नजर डाली जाए माइकल के टोटल इंडियन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तरफ तो वह अब 28 करोड़ के पार पहुंच चुका है।

## 76 साल के नाना पाटेकर ने गमछा डालकर जिम में की मेहनत

### 'उदय भाई' की एनर्जी देख दंग हुए लोग

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के दमदार अभिनेता के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें नाना पाटेकर का नाम जरूर शामिल है। एक्टिंग के अलावा नाना अपनी कमाल की फिटनेस और एनर्जी के लिए काफी जाने जाते हैं। मौजूदा समय में नाना पाटेकर का एक लेटेस्ट वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है।

जिसमें 76 साल के अभिनेता जिम में कड़ी मेहनत करते हुए नजर आ रहे हैं। गले में गमछा डालकर जिस तरह से नाना पाटेकर कसरत कर रहे हैं, उसे देख फैंस हैरान हो रहे हैं और इतनी उम्र में सेहत के लिए लगन देखकर उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। आइए एक नजर नाना के इस वीडियो पर डालते हैं। जिम वर्कआउट को लेकर नाना पाटेकर का नाम पहले भी कई बार सुर्खियां बटोर चुका है, जो ये बताने के लिए काफी है कि वह अपनी फिटनेस को लेकर काफी सीरियस रहते हैं। उनका लेटेस्ट वीडियो भी इस तरफ साफ-साफ इशारा करता है। दरअसल फिल्म निर्माता और फोटोग्राफर अतुल कासवेकर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर नाना साहब का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्टर जिम में पसीना बहाते हुए नजर आ रहे हैं। 76 साल की उम्र में नाना पाटेकर ने 15 बार डिप्स लगाई हैं, जिसे देखकर तमाम नए फिटनेस फ्रीक



उन्हें प्रेरणा ले सकें।

क्योंकि बार डिप्स एक ऐसी एक्सरसाइज है, जिसे सही फॉर्म में करना बड़ी ही कठिन होता है। लेकिन जिस तरह से नाना पाटेकर इसे परफॉर्म कर रहे हैं, वह देखना वाकई काबिल-ए-तारीफ है।

आलम ये है कि सोशल मीडिया पर नाना पाटेकर का ये वर्कआउट जमकर वायरल हो रहा है और फैंस उनके इस वीडियो पर जमकर लाइक और कमेंट भी कर रहे हैं। साथ ही नाना की एनर्जी और डेडिकेशन देख उन्हें सैल्यूट भी कर रहे हैं।

## द्वीप पर 'मस्जिद' बनवाई, उसमें सोने का गुंबद, मक्का से कपड़े और उज्बेकिस्तान के टाइल्स लगवाए

# सऊदी क्राउन प्रिंस का सलाहकार बनना चाहता था जेफ्री एपस्टीन

**दावा**

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

सेक्स अपराधी जेफ्री एपस्टीन सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का सलाहकार बनना चाहता था। उसने मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में कई साल तक अपने संबंध बनाए। वह एक तरफ बिजनेस के मौके ढूंढ रहा था, और दूसरी तरफ इस्लाम से जुड़ी दुर्लभ और धार्मिक चीजें भी इकट्ठा कर रहा था। उसने इन चीजों को अपने कैरेबियन द्वीप पर बनी एक विवादित इमारत को सजाने में इस्तेमाल किया, जिसे वह 'मस्जिद' कहता था। उसने मक्का की काबा से किस्वा मंगवाई।




एपस्टीन अपने निजी विमान से पेरिस से रियाद गया था। इस यात्रा के बाद उन्होंने दावा किया कि क्राउन प्रिंस ने उन्हें एक भव्य उपहार (एक तंबू और कालीन) दिया था।

किस्वा वह कपड़ा होता है जिस पर सोने से कुरान की आयतें कढ़ी होती हैं और इसे काबा पर चढ़ाया जाता है। इसके अलावा उज्बेकिस्तान की एक मस्जिद से हाथ से बनी टाइल्स लाई गईं। सोने का गुंबद भी बनाया गया, जिसकी डिजाइन पुराने सीरिया की इमारतों जैसी थी।

### नार्वे राजदूत के जरिए खास लोगों से संपर्क बनाया

एपस्टीन का मकसद सिर्फ इस्लामी चीजें जुटाना नहीं था, बल्कि ताकतवर और अमीर लोगों से अपने रिश्ते भी मजबूत करना था। नॉर्वे के राजनयिक टेरजे रोड-लार्सन के जरिए एपस्टीन को सऊदी अरब के खास लोगों तक पहुंच मिली। इनमें क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, सलाहकार राफत अल सब्बाग और शाही सहयोगी अजीजा अल अहमदी शामिल थे।

**करीब 2010 के आसपास, एपस्टीन की दोस्ती नॉर्वे के राजनयिक टेरजे रोड-लार्सन से हुई। दोनों के बीच बिजनेस और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर लगातार बातचीत होती रहती थी। 2016 के दौरान उनकी बातचीत में सऊदी अरब ज्यादा आने लगा, क्योंकि उस समय मोहम्मद बिन सलमान देश की तेल कंपनी अरामको को शेयर बाजार में लाने की तैयारी कर रहे थे। एपस्टीन चाहता था कि वह उनका फाइनेंशियल सलाहकार बने।**



दूर से इमारत के ऊपर सुनहरा गुंबद दिखाई देता है।

### एपस्टीन की इस्लामिक डिजाइन में काफी दिलचस्पी थी

दस्तावेजों से उसके प्राइवलेंट आइलैंड लिटिल सेंट जेम्स पर बनी एक रहस्यमयी इमारत का सच भी सामने आया। पहले इसे म्यूजिक रूम, मंडप, चैपल या कोई रहस्यमयी मंदिर कहा जाता था, लेकिन उसके ईमेल और साथ काम करने वाले कलाकार की बातों से पता चला कि वह इसे 'मस्जिद' कहता था, हालांकि इसका इस्तेमाल कभी धार्मिक इबादत के लिए हुआ हो, इसका कोई सबूत नहीं है।

इस प्रोजेक्ट पर काम करने वाले रोमानियाई कलाकार आयन निकोला ने भी बताया कि एपस्टीन इसे मस्जिद ही कहता था। यह भी पता चला कि इस मस्जिद की दीवारों या हिस्सों पर अरबी लिखावट (जैसे अल्लाह) लिखने का प्लान था।

एक ईमेल में एपस्टीन ने यहां तक सुझाव दिया कि 'अल्लाह' लिखे अरबी

# सेंसेक्स 583 अंक गिरकर 76,913 पर बंद

## निफ्टी भी 180 अंक नीचे 23,998 पर आया

**मुंबई, एजेंसी**

सेंसेक्स में आज यानी गुरुवार, 30 अप्रैल को 583 अंक (0.75%) की गिरावट रही। ये 76,913 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 180 अंकों (0.74%) की गिरावट रही, ये 23,998 के स्तर पर आ गया है। आज के कारोबार में आईटी में सबसे ज्यादा खरीदारी रही, जबकि मेटल और सरकारी बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली।

जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक अपने शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।

ब्रेंट क्रूड ऑयल 120 डॉलर प्रति



बैरल के पार पहुंच गया हैं। 2022 के बाद पहली बार कच्चा तेल 120 डॉलर डॉलर के पार निकला है। बाजार में तेल की मजबूत डिमांड और 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' को लेकर चिंता बढ़ी है जिस वजह से ये तेजी आई है। हॉर्मुज को तेल की सप्लाई के लिए सबसे अहम रास्ता माना जाता है।

इससे पहले कल यानी 29 अप्रैल को शेयर बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 609 अंक (0.79%) की तेजी के साथ 77,496 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 182 अंक (0.76%) की तेजी रही, ये 24,178 पर बंद हुआ था।

**फास्ट न्यूज**

### सोना 679 बढ़कर 1.49 लाख पर पहुंचा

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 30 अप्रैल को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 679 रुपए बढ़कर 1,48,652 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1,47,973 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 582 रुपए बढ़कर 2,36,882 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले 30 अप्रैल को इसकी कीमत 2,36,300 लाख रुपए प्रति किलो थी।

### पेट्रोल 14 नुकसान में बेच रहीं तेल कंपनियां

नई दिल्ली। इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बावजूद रिटेल रेट न बढ़ने से कंपनियों को हर एक लीटर पेट्रोल और डीजल पर घाटा हो रहा है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के मुताबिक, तेल कंपनियां पेट्रोल पर 14 और डीजल पर 18 प्रति लीटर का नुकसान झेल रही हैं।मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण सप्लाई चैन प्रभावित हुई है, जिससे कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़े हैं। इससे तेल कंपनियों पर बोझ बढ़ रहा है। यही नहीं रसोई गैस के लिए भी सरकार पर 80,000 करोड़ का बोझ बढ़ रहा है। मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव फिर बढ़ने से कच्चे तेल की सप्लाई चेन चरमरा गई है।

### अडाणी पावर का चौथी तिमाही में मुनाफा 64% बढ़ा

मुंबई। अडाणी पावर ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं, जिसमें कंपनी का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 64% बढ़कर 4,271 करोड़ पर पहुंच गया है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी को 2,599 करोड़ का मुनाफा हुआ था। हालांकि, मुनाफे में इस बड़ी बढ़त के बावजूद बुधवार को कंपनी का शेयर करीब 2.48% गिरकर 217.80 पर बंद हुआ।

## होर्मुज बना 'ट्रम्प जलडमरूमध्य'! ट्रंप ने शेयर किया नया नक्शा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मध्य पूर्व में चल रहे ईरान अमेरिका युद्ध के बीच गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की एक तस्वीर शेयर की। इसमें, उन्होंने एक छोटा लेकिन बहुत ही असरदार बदलाव किया था। उन्होंने, इस तस्वीर में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का नाम बदलकर स्ट्रेट ऑफ ट्रंप (Strait Of Trump) कर दिया है।

परमाणु हथियार भूल जाओ : ट्रंप

इसके साथ ही ट्रंप ने बुधवार को ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को शानदार रणनीति बताते हुए कहा कि, तेहरान को हार माननी ही पड़ेगी। जब तक कि वह अपनी परमाणु महत्वाकां-क्षाओं को नहीं छोड़ देता, तब तक कोई समझौता नहीं हो सकता है। मालूम हो कि, अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों पर नाकाबंदी कर इस समुद्री रास्ते को और भी खतरनाक बना दिया है।ट्रंप ने आगे कहा कि, ₹नाकाबंदी से उनको पता चला कि




हमारी नौसेना कितनी शक्तिशाली है। मैं आपको बता सकता हूं, कोई भी हमारे साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता है। हमारे पास दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना है, जिसका अधिकांश हिस्सा, मैंने अपने पहले कार्यकाल में बनाया और तब से हम इसे लगातार विकसित कर रहे हैं। यह दुनिया में कहीं भी सबसे शक्तिशाली है, कोई भी इसके आसपास भी नहीं है। कई रिपोर्टों में कहा गया है कि, नाकाबंदी से ईरान को भारी दिक्कत होने लगी है। वहीं, Axios की रिपोर्ट में इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि, यूएस के सेंट्रल कमांड ने बातचीत पर बने गतिरोध को तोड़ने के लिए ईरान पर 'छोटे लेकिन ताकतवर' हमले की एक योजना तैयार की है।

## मुलाकात से पहले कहा था- कोहिनूर भारत को लौटाने बोलूंगा, यह हीरा 177 साल से ब्रिटेन के पास

# ब्रिटिश किंग से मिले न्यूयॉर्क मेयर ममदानी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

ब्रिटिश किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने बुधवार को न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात की। यह शाही जोड़ा 9/11 मेमोरियल पहुंचा था जहां उन्होंने 11 सितंबर 2001 के आतंकी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

खास बात यह है कि इस मुलाकात से कुछ घंटे पहले ममदानी ने कहा था कि अगर उन्हें किंग चार्ल्स से अलग से बात करने का मौका मिला, तो वे कोहिनूर हीरा भारत को लौटाने की बात उठाएंगे। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि इस छोटी बातचीत के दौरान ममदानी ने यह मुद्दा उठाया या नहीं।



ब्रिटेन के किंग चार्ल्स से 9/11 मेमोरियल पर मुलाकात करते न्यूयॉर्क सिटी मेयर जोहरान ममदानी।

उनके ऑफिस से भी इस पर तुरंत कोई जवाब नहीं मिला। कोहिनूर हीरे का इतिहास विवादों से भरा रहा है। कहा जाता है कि साल 1526 में हुमायूं ने आगरा किला पर हमला किया था। इसे जीतने पर बड़े पैमाने में खजाने के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध कोहिनूर हीरा भी मिला था। बाबरनामा के मुताबिक, कोहिनूर हीरा इतना कीमती था कि इससे पूरी दुनिया को ढाई दिन का भोजन करवाया जा सकता था। 1739 में ईरानी शासक नादिर शाह ने आक्रमण किया। उसने आगरा और दिल्ली में लूटपाट की। वह कोहिनूर और मयूर सिंहासन को भी साथ ले गया। नादिर शाह की हत्या के बाद 1747 में यह हीरा अफगानिस्तान के अहमद शाह के पास पहुंचा।

### 1849 से ब्रिटेन के पास कोहिनूर हीरा

कोहिनूर हीरा 1849 से ब्रिटेन के पास है। द्वितीय एंग्लो-सिख युद्ध में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से सिख साम्राज्य के हारने के बाद अंग्रेजों ने पूरे पंजाब पर कब्जा कर लिया। उस समय सिख साम्राज्य के शासक दलीप सिंह थे, जिनकी उम्र सिर्फ 10 साल थी। युद्ध हारने के बाद अंग्रेजों ने उनसे लाहौर की संधि पर हस्ताक्षर करवाए।

इस संधि की शर्तें बहुत सख्त थीं। इसके तहत पंजाब को ब्रिटिश शासन के अधीन कर दिया गया और साथ ही कोहिनूर हीरा भी अंग्रेजों को सौंपना पड़ा। इसके बाद यह हीरा ब्रिटेन पहुंचा और क्वीन विक्टोरिया को दे दिया गया।

> **कोहिनूर वही हीरा है जो ब्रिटेन के शाही ताज में जड़ा है और टावर ऑफ लंदन में रखा गया है। यह 177 साल से ब्रिटेन के पास है। भारत ने ब्रिटेन के सामने कई बार कोहिनूर हीरे पर अपना कानूनी हक होने का दावा किया है।**

### भारत कई बार कोहिनूर वापस मांग चुका है

कोहिनूर जड़े ताज को सबसे पहले ब्रिटेन की क्वीन मदर ने पहना था। इसके बाद ये ताज क्वीन एलिजाबेथ को मिला था। इस ताज में कोहिनूर के अलावा अफ्रीका का बेशकीमती हीरा ग्रेट स्टार ऑफ अफ्रीका सहित कई कीमती पत्थर जड़े हैं। इसकी कीमत करीब 40 करोड़ डॉलर आंकी गई है। भारत ने ब्रिटेन के सामने कई बार कोहिनूर हीरे पर अपना कानूनी हक होने का दावा किया है।

## इराकी सांसद बोले- इससे मिडिल ईस्ट में सूखा पड़ता है, ईरान जंग में मसरूफ हुए तो बारिश वापस आई

# अमेरिका-इजराइल पर बादल चुराने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान युद्ध के बीच इराकी सांसद अब्दुल्ला अल-खैखानी ने अमेरिका और इजराइल पर मिडिल ईस्ट में बादल चुराने का आरोप लगाया है।

अब्दुल्ला अल-खैखानी ने एक इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका और इजराइल कई सालों से विमानों की मदद से मिडिल ईस्ट में बादलों को चुराते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण क्षेत्र में लंबे समय से सूखा पड़ रहा था।

सांसद ने दावा किया कि अब अमेरिका और इजराइल ईरान के साथ युद्ध में मसरूफ हैं, इसलिए बारिश फिर से लौट आई है।

बयान सामने आने के बाद सोशल



मीडिया पर इस दावे को लेकर चर्चाएं और अफवाहें तेज हो गईं। मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि ऐसी कोई तकनीक मौजूद नहीं है, जिससे बादलों की चोरी की जा सके। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ऐसे दावे भरोसे की कमी और जलवायु की समझ की कमी से पैदा होते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम की दिशा या तीव्रता को सीधे नियंत्रित करने वाली कोई तकनीक मौजूद नहीं है। इसके उलट, मिडिल ईस्ट में बढ़ते चरम मौसम के पीछे जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार बताया जा रहा है।



### वायुमंडल में बदलाव कर सूखा पैदा करने का आरोप

अल-खैखानी ने दावा किया है कि मिडिल ईस्ट में मौसम बदलने वाले हथियार का इस्तेमाल कर सूखा पैदा किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वायुमंडल में बदलाव कर जानबूझकर बारिश रोकी गई। BBC की रिपोर्ट के मुताबिक, खैखानी ने कहा कि 'एटमॉ-स्फेरिक मॉडिफिकेशन वेपन' का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने दावा किया कि इस तकनीक से वायुमंडल में बदलाव कर मिडिल ईस्ट में सूखा पैदा किया गया। तुर्किये में भारी बारिश को भी कुछ लोगों ने इसी कथित साजिश से जोड़ दिया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि युद्ध के कारण अमेरिकी विमान तुर्किये के एयरस्पेस में नहीं जा पा रहे, इसलिए वहां लगातार बारिश हो रही है। यह पोस्ट 10 लाख से ज्यादा बार देखा गया।


> **इराक मौसम विभाग के प्रवक्ता अम्र अल-जबीरी ने इस दावे को न वैज्ञानिक बताया और न ही तार्किक। उन्होंने कहा कि पिछले साल सितंबर में ही अनुमान लगा लिया गया था कि 2026 इराक के लिए बारिश वाला साल रहेगा। विशेषज्ञों ने मौसम से जुड़े झूठे दावों और साजिश की थ्योरी से बचने की अपील की है।**

# डेल्टा एयरलाइंस के विमान में हाई वोल्टेज ड्रामा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

डेल्टा एयरलाइंस की एक फ्लाइट में अचानक किए गए एक यात्री की हरकत के कारण उड़ाने में रुकावट आ गई। NBC शिकागो के अनुसार, विमान अटलांटा से शिकागो के O'Hare इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए रवाना होने की तैयारी कर रही थी। इसी बीच एक यात्री ने टैक्सी-वे पर चलते समय केबिन का दरवाजा खोलने की कोशिश की।

बताया जा रहा है कि, यह स्थिति तब पैदा हुई जब उड़ान भरने के लिए पहले से ही लंबे इंतजार के बाद, एक और देरी की घोषणा की गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे किसी यात्री ने ही बनाया था। इस वीडियो क्लिप में दिखाया गया है कि, केबिन के अंदर यह स्थिति कैसे बिगड़ी। रिपोर्ट्स के अनुसार, यात्री ने अपनी नाराजगी जाहिर करने के लिए केबिन के अंदर ऐसी हरकत की। Reddit सहित सोशल मीडिया



**गुस्साए यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश की किया गया बाहर**

प्लेटफॉर्म पर चल रहे वीडियो में उस व्यक्ति को अपने फोन पर जोर-जोर से बात करते हुए और देरी की अवधि पर सवाल उठाते हुए देखा जा सकता है। आस-पास बैठे अन्य यात्री उसे देखते हुए नजर आ रहे हैं।

इस दौरान स्थिति तब और बिगड़ गई जब उस व्यक्ति ने विमान के दरवाजे की ओर जाकर उसे खोलने की कोशिश की। अधिकारियों की माने तो दरवाजा थोड़ा सा हिला था, हालांकि कोई भी आपातकालीन सिस्टम चालू नहीं हुआ और किसी को कोई चोट नहीं आई।

# पाकिस्तान का अमेरिका के साथ 'डबल गेम' ईरान के लिए खोले 6 रास्ते

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान ने ईरान के लिए छह नए जमीनी व्यापार मार्ग खोल दिए हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवाद खड़ा हो गया है। इन रास्तों के जरिए ईरान अब रूस, चीन और अन्य देशों के साथ व्यापार कर सकेगा। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ईरान के खिलाफ समुद्री रास्तों पर सख्त रोक लगाने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान ने इन मार्गों की आधिकारिक जानकारी इस हफ्ते दी है, ताकि ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए होने वाले व्यापार पर निर्भर न रहे। अमेरिकी विशेषज्ञों का कहना है कि इससे ईरान को अमेरिकी दबाव से बचने में मदद मिल सकती है।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ डेरेक जे ग्रॉसमैन ने पाकिस्तान के इस कदम की आलोचना की है। उनका कहना है कि इससे अमेरिका की रणनीति कमजोर हो सकती है।



उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का यह कदम ईरान को अमेरिकी नाकेबंदी से बचने में मदद देगा और वह अपना तेल व्यापार जारी रख सकेगा। उनके अनुसार, यह अमेरिका के साथ 'डबल गेम' जैसा है, जिससे दोनों देशों के रिश्तों पर असर पड़ सकता है।

इस फैसले के बाद पाकिस्तान की विश्वसनी-यता पर भी सवाल उठने लगे हैं। इजराइल ने पहले ही पाकिस्तान को मध्यस्थ के रूप में भरोसेमंद नहीं माना था। ईरान की ओर से भी संकेत मिले हैं कि वह पाकिस्तान को पूरी तरह निष्पक्ष नहीं मानता। ईरान के नेता इब्राहिम रेजाई ने कहा कि पाकिस्तान दोस्त जरूर है, लेकिन मध्यस्थ के रूप में उपयुक्त नहीं है।

### अमेरिका की रणनीति

अमेरिका डोनल्ड ट्रंप के नेतृत्व में ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की रणनीति अपना रहा है। इसके तहत ईरानी बंदरगाहों पर नाकेबंदी की जा रही है। लेकिन पाकिस्तान द्वारा नए जमीनी रास्ते खोलने से इस रणनीति को झटका लग सकता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान के बंदरगाहों पर ईरान जाने वाले हजारों कंटेनर पहले से रुके हुए हैं। अब इन कंटेनरों को जमीनी रास्तों से ईरान भेजा जा सकता है, जिससे अमेरिका की योजना पर असर पड़ने की आशंका है।

**चिंता : इंडोनेशिया और जापान ने कोमोडो ड्रैगन के आदान-प्रदान के लिए एक समझौता किया**

# इंडोनेशिया और जापान के रिश्तों में बढ़ेगी गर्माहट

**चिड़ियाघर में साथ दिखेंगे 'कोमोडो ड्रैगन'**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडोनेशिया और जापान के बीच एक समझौता हुआ है, जिसके तहत इंडोनेशिया जापान को विलुप्तप्राय कोमोडो ड्रैगन का एक जोड़ा देगा। यह समझौता 29 अप्रैल को दोनों देशों के चिड़ियाघरों के बीच हुआ, जिसका मकसद संरक्षण को बढ़ावा देना बताया गया है। इस पांच साल के समझौते को आगे बढ़ाया भी जा सकता है। इसके तहत इंडोनेशिया के सुराबाया चिड़ियाघर को जापान के शिजुओका प्रांत के आईजू से रेड पांडा, जिराफ, एल्डाब्रा के विशाल कछुए और दो मादा जापानी मकाक मिलेंगे। आईजू के निदेशक त्सुयोशी



शिरावा ने कहा कि यह सिर्फ जानवरों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच एक मजबूत रिश्ता बनाने का प्रयास है। इंडोनेशिया सरकार ने स्पष्ट किया कि कोमोडो ड्रैगन का संरक्षण उनके प्राकृतिक आवास में ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है। अधिकारियों का कहना है कि इस समझौते से जापान के लोग और पर्यटक इंडोनेशिया के कोमोडो नेशनल पार्क में आकर इन जीवों को उनके प्राकृतिक वातावरण में देख सकेंगे। यह समझौता अंतर-राष्ट्रीय नियमों (CITES) के तहत किया गया है, जो विलुप्तप्राय प्रजातियों के व्यापार को नियंत्रित करता है। कोमोडो ड्रैगन दुनिया की सबसे बड़ी छिपकली है, जो केवल कोमोडो नेशनल पार्क और फ्लोरेस द्वीप के आसपास पाई जाती है। 2019 के आंकड़ों के अनुसार, इनकी संख्या करीब 3458 रह गई थी। ये जीव इंसानी गतिविधियों और जलवायु परिवर्तन के कारण खतरे में हैं। कई जगह इनके शिकार की कमी हो रही है, और कभी-कभी इंसानों के साथ संघर्ष में भी इनकी मौत हो जाती है।

### पेटा ने जताई आपत्ति

इंडोनेशिया के पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लंबे समय तक वन्यजीव संरक्षण है। हालांकि, पशु अधिकार संगठन पेटा एशिया ने इस समझौते पर चिंता जताई है। संगठन का कहना है कि जापान में पैदा होने वाले ड्रैगन कैद में ही जीवन बिताने को मजबूर होंगे। पेटा एशिया के अध्यक्ष जेसन बेकर ने कहा कि असली संरक्षण वहीं है, जहां ये जीव अपने प्राकृतिक आवास में रहते हैं, न कि उन्हें बाहर भेजकर।

**तमसा संकेत**

tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**

मो0- 9415799533

R.N.I. NO. 64107/96